प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
रविवार 27 अक्टूबर 2024
● वर्ष 03 ● अंक 81
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

फर्स्ट टेक


महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव :

### शिवसेना यूबीटी ने 15 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट की जारी

**मुंबई/एजेंसी।** चुनावी राज्य महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने शनिवार को अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी।दूसरी लिस्ट में 15 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। प्रदेश की विपक्षी महागठबंधन महाविकास अघाड़ी में मौजूद कांग्रेस, राष्ट्रवादी पार्टी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) पार्टियों में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। इसके बाद से पार्टियों द्वारा अपने प्रत्याशियों के ऐलान का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) ने अपने 15 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने धुले शहर से अनिल गोटे, चोपड़ा से राजू तडवी, जलगांव शहर से जयश्री महाजन, बुलढाणा से जयश्री शेलके, दिग्रस से पवन जायसवाल, हिंगोली से रूपाली पाटिल, परतुर से आसाराम बोराडे, देववली से योगेश घोलप, कल्याण पश्चिम से सचिन बासरे, कल्याण पूर्ण से धनंजय बोडारे, श्रीगोंदा से अनुराधा नागवाड़े, शिवडी सीट से अजय चौधरी, भयखला से मनोज जामसुतकर, कणकवली से संदेश पारकर और वडाला से श्रद्धा जाधव को मैदान में उतारा है।
इससे पहले पार्टी ने 23 अक्टूबर को अपने 65 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी थी। इस तरह शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अब तक अपने 80 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी को अब अपने सिर्फ पांच सीटों पर प्रत्याशी उतारने हैं।

# इजराइल ने ईरान में किए हवाई हमले

## पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा के बीच इस हमले से दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।



**यरूशलम/एपी।** इजराइल ने शनिवार तड़के ईरान पर सिलसिलेवार तरीके से हमले किए और कहा कि हमलों में उन स्थानों को निशाना बनाया है, जहां उसके देश पर दागी गईं मिसाइलें बनाई गई थीं।

पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा के बीच इस हमले से दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है। गाजा में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह हमास और लेबनान में हिज्बुल्ला पहले ही इजराइल से युद्ध लड़ रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के अनुसार, लेबनान में युद्ध के कारण 12 लाख लोगों को बेघर होना पड़ा है, जिनमें चार लाख से ज्यादा बच्चे शामिल हैं। सितंबर में लड़ाई तेज होने के बाद से इजराइली हमलों में हिज्बुल्ला के कई शीर्ष नेता मारे गए हैं।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में इजराइल के हमलों में 42,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

इजराइल–हमास युद्ध सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुआ था। हमास के हमले में इजराइल में 1,200 लोग मारे गए थे जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था।

### ईरान जवाब देगा

ईरान के विदेश मंत्रालय ने सैन्य ठिकानों पर इजराइली हमलों की निंदा की और कहा कि ईरान जवाब देगा। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन हैं। मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अनुच्छेद 51 में अंतर्निहित आत्मरक्षा के अधिकार का जिक्र करते हुए कहा कि विदेशी आक्रमण का जवाब देना उसका दायित्व है।

### इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हुई : ईरान

**तेल अवीव/एपी।** ईरान ने शनिवार को कहा कि देश के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने अपनी खबर में बताया कि चारों मृतक देश के वायु रक्षा प्रतिष्ठानों में कार्यरत थे। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि वे देश के किस हिस्से में तैनात थे। इजराइल ने ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर शनिवार तड़के कई हवाई हमले किए।

### ईरान के दक्षिण पूर्व प्रांत में पुलिस काफिले पर हमला, 10 अधिकारियों की मौत

**दुबई/एपी।** ईरान के अशांत दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान – बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को पुलिस के काफिले पर हुए हमले में कम से कम 10 पुलिस अधिकारी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हमला ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 1,200 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में स्थित गौहर कुह में हुआ। हालांकि, इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।

शुरुआती खबरों में केवल यह कहा गया था कि 'उपद्रवी तत्वों' द्वारा हमला किया गया है लेकिन कुछ ही देर बाद, ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि 10 अधिकारी मारे गए हैं।

अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान में रहने वाले बलूच लोगों के लिए काम करने वाले समूह 'हालवाश' ने एक ऐसे ट्रक की तस्वीर और वीडियो साझा किया जिस पर ईरानी पुलिस वाहनों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हरी पट्टी लगी हुई है।

### ईरान की सेना ने गाजा और लेबनान में संघर्षविराम का सुझाव दिया

**तेल अवीव/एपी।** ईरान की सेना ने शनिवार रात एक बयान जारी किया जिसमें गाजा पट्टी और लेबनान में संघर्षविराम का सुझाव दिया गया। इस संबंध में ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उसे इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है, लेकिन बयान से ऐसे संकेत मिलते हैं कि तेहरान शनिवार तड़के हुए इजराइल के हमले के बाद तनाव को और बढ़ने से रोकने का रास्ता तलाशने की कोशिश कर रहा है। ईरान की सेना ने कहा कि इजराइल ने हमलों में इराकी हवाई क्षेत्र से तथाकथित ''स्टैंड–ऑफ'' मिसाइलों का इस्तेमाल किया और ईरान के तीन प्रांतों में लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए ये हथियार बहुत हल्के थे।

भाजपा का डैमेज कंट्रोल अभियान

## नाराज रवींद्र राय बनाये गये कार्यकारी अध्यक्ष



**रांची।** चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने डैमेज कंट्रोल अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत टिकट कटने से नाराज चल रहे रवींद्र राय को भाजपा ने झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इससे पहले भी श्री राय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। कुछ दिनों से रवींद्र राय के झामुमो में जाने की चर्चा चल रही थी। अभी वे भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक थे और प्रदेश कार्यसमिति में बतौर सदस्य की भूमिका में थे।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर श्री राय ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी दी गयी है, उसे हम पूरा करने की कोशिश करेंगे। प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी से उनकी कोई नाराजगी नहीं थी। रवींद्र राय ने कहा कि भाजपा ने ही झारखंड को जन्म दिया है और हम उसे बर्बाद नहीं होने देंगे।

**निरंजन राय के चुनाव लड़ने की घोषणा से भाजपा बेचैन :** उधर धनवार सीट से समाजसेवी निरंजन राय ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। चूंकि यह सीट हॉट सीट में से एक है। पार्टी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। चूंकि निरंजन सवर्ण वर्ग से आते हैं और इनकी पकड़ सभी जातियों में है। ऐसे में भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है। भाजपा नेता गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे निरंजन राय को मनाने उनके घर पहुंचे लेकिन चुनाव लड़ने पर अड़े रहे।

### झारखंड के चुनावी अखाड़े में ओवैसी के सात उम्मीदवार



**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम भी कूद पड़ी है। पार्टी ने सात उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जिसमें पाकुड़ से हाजी तनवीर आलम, महगामा से कामरान खान, रांची से महताब आलम, जमशेदपुर पश्चिमी से बाबर खान, चतरा से सुबोध पासवान, बड़कागांव से शमीम अंसारी और गढ़वा से डॉ एमएम खान को उम्मीदवार बनाया है।

## केंद्र पर हमलावर हुआ जेएमएम, कहा- लोकतंत्र के पर्व को कमजोर करने की हो रही कोशिश





**रांच, एजेंसी।** ~ झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव के समय झारखंड में जांच एजेंसियां सक्रिय हो गयी हैं. राज्य में यह खेल लंबे समय से चल रहा है. इसी साजिश के तहत राज्य के सबसे लोकप्रिय सीएम को जेल में डाला गया. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को कमजोर करने की कोशिश हो रही है. सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि साहिबगंज में एक तरफ नामांकन हो रहा है, वही दूसरी तरफ बिना तथ्य और सबूत के एक जांच एजेंसी की ओर से कारवाई की गयी.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र का त्योहार चल रहा है और दूसरी तरफ उसे कमजोर करने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सच पूछा जाये, तो भाजपा चुनाव हार चुकी है. उनका बस एक ही मकसद रह गया है कि चुनाव को कैसे प्रभावित किया जाये. चुनाव के समय जानबूझ कर जांच एजेंसियों की कारवाई हो रही है. यह कार्रवाई करके परसेप्शन बनाया जा रहा है. अपने हथियार के रूप में इडी का इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने चुनाव आयोग से इसे संज्ञान में लेने की अपील की है.

उन्होंने कहा कि इडी के पास न तथ्य है और न कोई सबूत. इसकी कार्रवाई को तो हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने नकारा है. उन्होंने कहा कि हमारे एक प्रत्याशी, जो मंत्री रहे, ने सबसे ज्यादा काम किया. उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है. ढाई साल में उन्होंने कौन सी जांच कर ली और क्या मिला है, यह बतायें.सुप्रियो ने आगे कहा कि लोकतंत्र के महापर्व को कमजोर करने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है. भाजपा द्वारा राजनीतिक घुसपैठ करायी जा रही है. इस काम के लिए कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय नेताओं को राज्य में लाया गया है. हिमंता के बयान पर उन्होंने कहा कि भाषा की मर्यादा भी तोड़ी जा रही है. समाज में जहर घोला रहा है और हिंसा की बात बोली जा रही है. फिर भी चुनाव आयोग मौन है. उन्होंने दावा कि हम लोग न सिर्फ चुनाव जीतेंगे, बल्कि समृद्ध और संपन्न झारखंड बनायेंगे.

## अपने नेता के खिलाफ इरफान अंसारी की अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा आक्रामक

## इरफान को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें हेमंत : शिवराज

- आदिवासी महिला का कांग्रेस ने किया अपमान
- महिलाओं से अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा



**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी का सीता सोरेन पर दिए अमर्यादित बयान पर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध किया है। शनिवार को भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन के मंत्रीमंडल से इरफान अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की है। शिवराज सिहं ने इरफान के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। क्या इरफान अंसारी को शर्म नहीं आता है। आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है। उनको शर्म करनी चाहिए।

शिवराज सिंह ने कहा कि सीता सोरेन स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबु सोरेन की बहु और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। वे झारखंड भाजपा की सम्मानित नेता हैं। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए भद्दी शब्दों का इस्तेमाल किया। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन जी का अपमान नहीं किया, बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। यह भारत के नारी शक्ति का अपमान है। अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शर्म आती है तो इरफान अंसारी को मंत्री मंडल से बाहर निकाल देना चाहिये।

### वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत : मरांडी



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि मइयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार के महिला सदस्य के अपमान की चिंता नही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री जी अपनी कुर्सी बचाने केलिए, वोट बैंक केलिए कितना नीचे गिरेंगे हेमंत सोरेन। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन जी झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी ,एक जनप्रतिनिधि हैं फिर भी मुख्यमंत्री जी अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री जी सत्ता मद में डब चुके हैं। उन्होंने कहा कि कि थोड़ी भी प्रतिष्ठा बची है तो मुख्यमंत्री जी को इरफान अंसारी पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## इरफान का टिकट रद्द करें राहुल गांधी : अन्नपूर्णा

### सीता सोरेन पर अमर्यादित बयान से कांग्रेस की महिला विरोधी सोच उजागर



**रांची।** भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी ने सीता सोरेन पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान का घोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए बहुत ही अपमानजनक टिप्पणी की है। महिलाओं के लिए कांग्रेस की क्या सोच है कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के बयान से स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस महिला और युवा विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में महिलाओं के लिए ओछी मानसिकता हमेशा से रही है। जिसको आज कांग्रेस के इरफान अंसारी ने सीता सोरेन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर स्पष्ट कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि मैं इरफान अंसारी के टिप्पणी का विरोध करती हूं। झारखंड में कांग्रेस ने एक आदिवासी महिला सीता सोरेन जी का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं की पूजा की जाती है, उनका सम्मान किया जाता है। लेकिन महिलाओं के प्रति कांग्रेस गलत और ओछी मानसिकता का परिचय इरफान अंसारी के बयान से साफ हो गया है। अगर कांग्रेस महिलाओं की इतना ही चिंता करती है तो कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इरफान अंसारी के टिकट को वापस ले लेनी चाहिए। सांसद अन्नपूर्णा ने प्रियंका गांधी से भी इरफान अंसारी के बयान का जवाब मांगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के अमर्यादित बयान का महिलाओं से विरोध करना चाहिए। ऐसी ओछी मानसिकता वाले लोगों को और ऐसे मंत्री को हटाना चाहिए और इरफान अंसारी के टिकट को वापस लेना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करती है।

### इरफान मियां आपके घर पर चलेगा बुलडोजर: भानू



रांची। अपने विवादास्पद बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी चारों ओर से घिरते नजर आ रहे हैं। खासकर भाजपा ने उनके बयानों को लेकर तीखा हमला शुरू कर दिया है। अब भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि मंत्री इरफान मियां पर बुलडोजर चलेगा आपने जो सीता का अपमान किया है, वो मेरी भाभी हैं। सरकार बनते ही इसका जवाब आपके घर पर बुलडोजर चला के दूंगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कहा कि इरफान अंसारी को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने सीएम हेमंत से कहा कि इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बाहर निकाल कर फेंक दें।

न्यूज़ अपडेट

## नाले का पानी रोकना के लिए दीवार खड़ी कर देंगेः सरयू राय



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने शनिवार को कहा कि अगर वह यह चुनाव जीतते हैं तो देशबंधु लाइन की तरफ ऊपर से आने वाले पानी को कहीं और डाइवर्ट करने के लिए नगर निगम से कहेंगे. अगर नगर निगम ऐसा नहीं करता है तो ऊपर से जो नाला आ रहा है, उसके बीच में दीवार खड़ी कर देंगे ताकि ऊपर का पानी यहां आए ही नहीं। यहां देशबंधु लाइन इलाके में लोगों ने श्री राय से जल-जमाव की समस्या के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की। श्री राय ने उन्हें बताया कि वह जानते हैं कि यहां हमेशा से ही गंदगी और जलजमाव की समस्या रही है. जब वह विधायक थे, तब इस इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सुझाव दिया था. उस सुझाव पर काम नहीं हुआ. काम हो जाता तो इस समस्या का समाधान कबका हो जाता। श्री राय ने कहा कि इस समस्या का एकमात्र समाधान यही है कि आजादनगर के ऊपरी इलाके से जो पानी आ रहा है, उसे तत्काल रोका जाए. उस नाले के पानी को अन्यत्र डाइवर्ट किया जाए। श्री राय ने स्थानीय लोगों से कहा कि जमशेदपुर पश्चिम के विधायक रहने के दौरान उन्होंने नगर निगम के अफसरों से पहले भी कहा था कि जो पानी देशबंधु लाइन में आ रहा है, उसे डाइवर्ट करके आप दूसरे नाले में ले जाइए. इसके लिए बाजाप्ता निगम अधिकारियों को प्लान भी बना कर दिया था।

## मौलाना अंसार खान ने बन्ना गुप्ता के पक्ष में किया प्रचार

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान ने आजाद नगर रोड नंबर 11 झरना रोड पर बस्ती वासियों के साथ बैठक किया। अंसार खान ने बस्ती वासियों से मंत्री बन्ना गुप्ता के लिए वोट मांगा। अंसार खान ने कहा मानगो क्षेत्र में मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा काफी कार्य किया गया है। और अभी कुछ काम बाकी रह गया है। बन्ना गुप्ता विधायक बनने के बाद बच्चे हुए कार्यों को पूरा करेंगे। अंसार खान ने कहा हम तमाम लोगों का कर्तव्य बनता है इलेक्शन के दिन अपने अपने घरों से महिलाओं को निकाले और उन्हें ले जाकर वोट डलवाए। क्योंकि अक्सर हमारे क्षेत्र से वोट पर्सेंट काम होता है उस दिन मेहनत करके वोट परसेंट बढ़ाना है और हमारे क्षेत्र में कुछ लोग टिकट लेकर आए हैं आप सभी लोगों को मालूम है वह जीतने के लिए नहीं बल्कि वह वोट काटने के लिए खड़े हैं। लेकिन उनका सपना पूरा नहीं होगा। ऐसे लोगों से सभी को सावधान रहना है और अपनी वोट की हिफाजत करके श्री बनना गुप्ता को भारी मतों से जिताना है। जैसे इससे पहले आप सभी लोगों ने उनको जिताया है। मंत्री बन्ना गुप्ता को आप सभी पर काफी विश्वास है। आज की बैठक में शामिल मुबारक खान, फरीद खान, राशिद खान, फिरोज खान, फैज खान, जान मोहम्मद, मसूर ,मोहम्मद यूसुफ, जान मोहम्मद, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद अमन बस्ती वासी आदि मौजूद थे।

## मानगो दाईगुट्टू में जल जमाव के कारण लोग हुए घर में कैद

- **आचार संहिता का उल्लंघन कर घेर दूंगा नगर निगम : विकास सिंह**

**जमशेदपुर।** मानगो दाईगुट्टू के लक्ष्मी नारायण कॉलोनी में दो दिन की हल्की बारिश में इतना अधिक जल जमा हो गया है कि लोगों का अवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है रास्ता बंद होने के कारण लोगों का घर और सड़क से सीधा संपर्क पूरी तरह टूट गया है नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा केवल जल जमाव को देखा जा रहा है लेकिन समाधान का उपाय नहीं किया जा रहा है स्थानीय लोगों ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी भाजपा नेता विकास सिंह को बुलाकर मामले से अवगत कराते हुए कहा की कोई हम सभी की सुन नहीं रहा है हम सभी घर में कैद हो गए हैं इससे निजात दिलाईए मौके में पहुंचे प्रत्याशी विकास सिंह ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि लोग कष्ट में जी रहे हैं महामारी फैलने की आशंका है समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आदर्श आचार संहिता को उल्लंघन करते हुए नगर निगम के कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी । विकास सिंह ने कहा मानगों का नगर निगम का नाम आठवें अजूबे में आना चाहिए बिना कार्य कारण भुगतान अगर कहीं होता है तो मानगो नगर निगम में होता है ।

## बहारगोड़ा में चक्रवात 'दाना' का कहर, धान की फसलें हुईं बर्बाद

**बहारगोड़ा।** चक्रवात 'दाना' के कारण बहारगोड़ा क्षेत्र में अत्यधिक नुकसान हुआ है। तेज हवाओं और भारी बारिश से किसानों की धान की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। सड़कों और खेतों में पानी भर जाने से जनजीवन प्रभावित हुआ है, जिससे किसान और ग्रामीण बेहद परेशान हैं।




स्थानीय निवासियों के अनुसार, फसलें बर्बाद होने से किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, और इस संकट ने उनकी आजीविका पर गहरा प्रभाव डाला है। मुख्य सड़कों और गलियों में जलजमाव के कारण परिवहन व्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है, जिससे बाजारों में सन्नाटा छा गया है।

ग्रामीणों और किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल राहत और सहायता की मांग की है। उनके अनुसार, फसल नुकसान की भरपाई, जल निकासी, और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत जैसे कार्यों की तत्काल आवश्यकता है। किसानों का कहना है कि उनकी जीविका का प्रमुख साधन कृषि है, और यदि शीघ्र राहत न मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी।ज्योतिर्मय दास, अधिवक्ता एवं बहारगोड़ा निवासी ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य शीघ्र शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा, रप्रभावित क्षेत्रों में तत्काल आर्थिक सहायता, जल निकासी व्यवस्था और आवश्यक सेवाओं को पुनः स्थापित करना जरूरी है।

यह समस्या न केवल किसानों बल्कि पूरे समुदाय को प्रभावित कर रही है। अतः जिला प्रशासन से निवेदन है कि वे तुरंत इस मामले में कार्रवाई करें और बहारगोड़ा के लोगों को इस प्राकृतिक आपदा से उबरने में सहायता प्रदान करें।

# व्यय प्रेक्षकों ने पेड न्यूज, सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार-प्रसार की निगरानी को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जमशेदपुर।**




पूर्वी सिंहभूम जिला के 44 बहरागोड़ा एवं 45 घाटशिला के व्यय प्रेक्षक कुरुबा आंजनेयुलु तथा 46 पोटका एवं 47 जुगसलाई के व्यय प्रेक्षक कमलजीत के. कमल द्वारा मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होने प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव से कोषांग के कार्यों की जानकारी ली। उन्हें निर्देश दिया कि सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी चौनल, रेडियो आदि पर पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखें। समाचार पत्र के कतरन रिपोर्ट के साथ पेश करें। मीडिया कोषांग में मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की गई। व्यय प्रेक्षकों ने निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों के प्रत्याशी या निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार का विज्ञापन, वीडियो, बल्क मैसेज आदि प्रसारित होने से पहले एमसीएमसी कोषांग से प्री-सर्टिफिकेशन जरूरी है। पेड न्यूज चिन्हित होने पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए गठित सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को 24 गुणा 7 क्रियाशील रखें। सोशल मीडिया पर चुनाव संबंधी किसी भी तरह की अपुष्ट खबरों पर नजर रखें। सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले पोस्ट को लेकर दिशा- निर्देश निम्नवत हैंः- सोशल मीडिया पर किए जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापन प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) के दायरे में आते हैं। प्रत्याशी और राजनैतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने वाले राजनीतिक विज्ञापन, सोशल मीडिया अकाउंट को संधारित करने, प्रचार-सामग्री बनवाने एवं उनके सोशल मीडिया के लिए काम करने वाले कर्मियों के वेतन पर आने वाले खर्च को प्रत्याशी के चुनाव-खर्च में शामिल किया जाएगा। प्रत्याशी और राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक है कि इंटरनेट आधारित मीडिया-प्लेटफॉर्म या मीडिया-वेबसाइट पर किसी राजनीतिक विज्ञापन को जारी करने से पहले प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) प्राप्त करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता एवं संबंधित अन्य निर्देश प्रत्याशी या राजनीतिक दलों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों एवं प्रयुक्त की जाने वाली सभी प्रचार सामग्री पर भी लागू हैं। किसी भी अस्पष्टता को दूर करने हेतु आयोग ने पुनः पत्रांक 491/एसएम/सीओएमएम/2013 दिनांक 16 अप्रैल 2014 द्वारा स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर प्रकाशित होने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों पर प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) आवश्यक है।

मतदाताओं को बूथ तक लाने की पहलः- जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शत प्रतिशत मतदाताओं को बूथ तक लाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्रों में दरवाजा खटखटाओ अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत वैसे मतदान केन्द्रों को लक्षित किया गया जिनमें पूर्व के चुनाव में अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत रहा । स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान की तिथि 13 नवंबर से अवगत कराया तथा मतदाता शपथ का पंपलेट वितरण कर विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया।

## जमशेदपुर पश्चिमी की जनता के पास दो विकल्प है 'भगोड़ा या बेटा': बन्ना गुप्ता

**जमशेदपुर।**



जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता शनिवार को साकची पहुंचे। जहां उन्होंने पदयात्रा करते हुए स्थानीय लोगों से जनसम्पर्क किया. जहां लोगों ने उनके ऊपर विश्वास जताते हुए विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो व्यक्ति ईमानदारी और शुचिता का पाठ पढ़ाता हो, उसे पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। सरयू राय कभी बिहार से विधानपरिषद सदस्य बनते हैं. कभी पश्चिमी से चुनाव लड़ते हैं. कभी पूर्वी जमशेदपुर चले जाते हैं. कभी धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगते हैं. जब लोकसभा में दाल नहीं गलती है, तो फिर लौट कर पश्चिमी में आ जाते हैं. असल में वे टिक कर जनहित की राजनीति करने वाले नेता नहीं हैं. हारने के बाद वे बिहार चले जाएंगे. वे भगोड़ा नेता हैं. अब पश्चिमी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के पास दो विकल्प है कि वे सरयू राय जैसा भगोड़ा नेता को चुने या यहीं पैदा हुए, पले, बढ़े अपने बेटा, अपने भाई बन्ना गुप्ता को चुने। बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब वे दोमुहानी संगम की सफाई करवा रहे थे, तो सरयू राय ने कहा कि मैं नदी का पेट चीर रहा हूँ. जब मैं मानगो फ्लाइ ओवर के लिए दिन रात सरकार व टाटा स्टील के अधिकारियों को मना रहा था, तो सरयू राय कहने लगे कि मानगो में फ्लाइओवर की आवश्यकता ही नहीं है. जब मैंने एमजीएम डिमना में सुपर मल्टीस्पेसीयलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करवा दिया तो वे कहते हैं कि हड़बड़ाहट में उद्घाटन किया गया है. यानी विकास के हर काम में केवल कमी निकालना ही सरयू राय का उद्देश्य रह गया है. असल में दूसरों की कमी निकालना उनकी आदतों में शुमार है. वे खुद को चाणक्य कहते हैं, जबकि वे छिद्रान्वेषी हैं, जो केवल दूसरों में दोष ढूंढ़ते रहते हैं. अब जमशेदपुर पश्चिमी की जनता के पास दो विकल्प हैं कि जात पात की राजनीति करने एवं झूठा दोषारोपण करने वाले सरयू राय को चुने या विकसित जमशेदपुर के लिए कृतसंकल्पित अपने बेटा बन्ना गुप्ता को चुने।

## जनता जानना चाहती है मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रहते रघुवर दास ने क्या प्रयास किए: डॉ. अजय कुमार

**जमशेदपुर।**




पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. अजय कुमार का कहना हैं कि जमशेदपुर की जनता यह जानना चाहती है कि रघुवर दास ने मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रहते क्या प्रयास किए? डा. अजय कुमार ने कहा कि रघुवर दास 25 वर्षों तक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक रहे. जनता के समर्थन से मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले रघुवर दास ने सिर्फ अपने सत्ता सुख के लिए लोगों को 25 वर्षों तक मालिकाना के नाम पर गुमराह करते रहे। शनिवार को डा. अजय कुमार मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डा. अजय ने कहा कि रघुवर दास की सरकार में जमशेदपुर में लोगों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा गया. चुनाव से पहले जनता से मालिकाना हक दिलाने का वादा किया गया था. लेकिन रघुवर दास मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही वे वादा भूल गए. वे टाटा कंपनी की दलाली करने लगे. टाटा सबलीज की बात करने लगे. जब सबलीज देना ही था तो फिर इन वस्तियों को लीज से बाहर क्यों करवाए ? डा. अजय ने कहा कि रघुवर दास कभी सीएम थे ही नहीं. वो तो बस कॉरपोरेट घरानों के प्रवक्ता के तौर पर काम किए। डा. अजय ने बताया कि रघुवर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने के बदले में केवल 10 डिसमिल जमीन पर लीज का अधिकार देने का निर्णय ही मालिकाना हक के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनी। डा. अजय ने कहा कि मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है. यदि लोगों ने समर्थन दिया तो मालिकाना हक के लिए एक आयोग गठित कर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाएगा।

## मजदूरों के हितों के लिए मैंने हमेशा संघर्ष किया है और करता रहूंगा: बन्ना गुप्ता

**जमशेदपुर।**



उद्योग आधारित शहर है. यह ऐसा शहर है जहां प्रबंधन और मजदूरों के बीच बेहतर और सौहार्दपूर्ण संबंध और समन्वय है. प्रबंधन मजदूरों की समस्या को समझता है और यूनियन भी प्रबंधन की समस्या को. यही कारण है कि पिछले 80-100 साल में जमशेदपुर के टाटा स्टील की कंपनियों में कभी हड़ताल नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि मैं भी गैर संगठित मजदूरों के लिए संघर्ष करते हुए आज इस मुकाम तक पहुंचा हूँ. उन्होंने कहा कि वो हमेशा मजदूरों के हित में खड़ा रहे हैं और खड़ा रहेंगे. जमशेदपुर के मजदूरों हमेशा मेरा साथ दिया है और मुझे उम्मीद है कि इस बार भी वह मेरा साथ है। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर पश्चिम के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने जुस्को श्रमिक यूनियन के कार्यालय में आयोजित एक मीटिंग में मजदूर नेताओं को संबोधित करते हुए कहा। इस अवसर पर जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने कहा कि एनडीए सरकार मजदूरी विरोधी है. उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि कांग्रेस सरकार के पुराने सभी कानूनों को बदलकर एनडीए सरकार ने चार श्रम कानून बनाए हैं जिससे मजदूरों की नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह गई है. किसी भी मजदूर को कभी भी नौकरी से निकाला जा सकता है. उन्होंने कहा कि ईपीएस 95 के मामले में एप्स 7500 $ डीए एवं फ्री मेडिकल ऐड की मांग को लेकर देश के सभी मजदूर संगठन पिछले 8 वर्षों से दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन एनडीए सरकार ने अभी तक चुप्पी साधी हुई है. उन्होंने कहा राज्य से लेकर केंद्र तक हमें इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की जरूरत है ताकि मजदूरों की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जा सके. उन्होंने आग्रह किया कि जमशेदपुर पश्चिम से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के जीत को सुनिश्चित करने के लिए सभी मजदूर नेता युद्ध स्तर पर लग जायें। मीटिंग में रघुनाथ पांडे अध्यक्ष जुस्को वर्कर्स यूनियन के साथ साथ अमरनाथ तिवारी, ई सतीश कुमार, त्रिवेणी प्रसाद, परशुराम मिश्रा, कमल किशोर अग्रवाल, मनीष कुमार दुबे, मनोज कुमार पांडे रविकांत शुक्ला, पिंटू शर्मा, रुपू भगत, उमेश राय, अखिलेश कुमार राय, बुलबुल कुमार सिंह, टी कुमार अभय पांडे, दीपक मिश्रा, बलदेव सिंह, राजीव दुबे, पंकज कुमार, मो. अफरोज, सैयद अली राजा, नवीन कुमार, महेश्वर महतो, प्रशांत पाइन, संतोष शर्मा, हरेंद्र कुमार, दीपक रजक, सनोज कुमार, राकेश कुमार, दर्शन मांझी, परमेश्वर साहू, उमेश साहू, संतोष शर्मा, सुखदेव महतो, नारायण करवा, रजत दलाई, त्रिलोचन बारिक, डब्लू महतो, प्रभुदत्त नायक, राम शंकर मंडल, कृष्ण मुरारी, अरुण महतो, सुशील कुमार, दिनेश करवा, अजीत महतो आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी ने दी अंजु चटर्जी को श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** नीलडीहः आज सुबह टाटा मेहरबाई कैंसर अस्पताल, जमशेदपुर के अस्पताल प्रशासक अमिताभ चटर्जी की माताजी अंजु चटर्जी के निधन पर पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी ने उनके नीलडीह स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंजु चटर्जी के निधन की खबर से उनके परिवार, शुभचिंतकों और अस्पताल के समस्त स्टाफ में शोक की लहर है। कुणाल षड़ंगी ने इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ प्रकट कीं। उन्होंने अमिताभ चटर्जी द्वारा राज्य के जरूरतमंद कैंसर मरीज़ों की सेवा में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की और उन्हें इस कठिन समय में सांत्वना दी।

## फुटपाथ दुकानदारों के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, 13 नवंबर को मतदान करने की अपील

**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी वर्गों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम शहरी क्षेत्र के फुटपाथ दुकानदारों के बीच मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । इस दौरान स्वीप कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने निर्वाचन संबंधी पोस्टर, बैनर ठेला व अन्य सार्वजनिक स्थानों में लगाते हुए सभी से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वैसे सभी स्थान जहां लोगों का जुटान होता है चाहे वो खाने-पीने, घूमने के लिए है, 13 नवंबर को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा ताकि एक भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित नहीं रहें।



# पूर्वी विधानसभा के जन-जन से जुड़ रही भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू

## जनता की समस्याओं से हो रही अवगत, विभिन्न मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी शुरु किया जनसंपर्क अभियान।

**संवाददाता।**





जमशेदपुर। भाजपा की जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए शनिवार सुबह एग्रिको, भुइयांडीह, और अमल संघ पार्क का दौरा किया। वहां टहल रहे सुबह के वॉकर्स से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रातः काल अचानक अपने बीच पाकर लोग प्रसन्न दिखे और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भुइयांडीह पार्क समिति के सदस्य भोला यादव, सुरेश प्रजापति, किशुन तिवारी और सत्येंद्र सिंह व अन्य लोगों ने पूर्णिमा साहू का गर्मजोशी से स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की।

पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर महानगर के पूर्व भाजपा अध्यक्ष दिनेश कुमार, गुंजन यादव के संग रघुनाथ पांडे जैसे वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्णिमा साहू सिदगोड़ा क्षेत्र के कांवरिया धाम मंदिर में भी पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और वहां के पुजारी व आसपास की महिलाओं का आशीर्वाद लिया। सिदगोड़ा बाजार के दुकानदारों, ठेला-खोमचा वालों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने उनका हाल जाना और आश्वासन दिया कि क्षेत्र के छोटे-बड़े व्यापारियों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके पश्चात वे अपने पूर्व हेड मास्टर आदिवासी हाई स्कूल के शिक्षक लालबाबू सिंह के घर पहुंचीं और उनका आशीर्वाद लिया। पूर्णिमा ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनके आशीर्वाद और समर्थन से भाजपा की मजबूत सरकार झारखंड में बनेगी। इसके साथ ही, पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में ठप्प पड़े विकास कार्यों एवं जनहित के कार्यों को पुनः गति मिलेगी। अपने अभियान के दौरान पूर्णिमा साहू ने 6 नंबर हरिजन बस्ती, मांछ पाड़ा, सीतारामडेरा मुंडा समाज, उरांव समाज, तुरी समाज, और बर्मामाइंस आश्रम जाकर लोगों से मुलाकात की और सभी से भाजपा के समर्थन में मतदान का अनुरोध किया।

- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने संभाला मोर्चाः**

पुर्वी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता भी अपने प्रत्याशी पूर्णिमा साहू की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से सक्रिय हैं। बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में सीतारामडेरा मंडल के इंद्रानगर और जेपी नगर में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह करते हुए कार्यकर्ताओं ने लोगों की समस्याएं सुनीं, जिनमें बजबजाती नालियों एवं साफ-सफाई की समस्या शामिल थी। पवन अग्रवाल ने नालियों की जल्द सफाई का भरोसा दिया। अभियान में भाजपा नेता नवीन मिश्रा, हरिशंकर पंडित, अशोक कुमार सिंह, जितेंद्र रजक, अशोक घोष, मनोज घोष, वीरेंद्र ठाकुर, शिबू घोष और बबलू मुखर्जी जैसे कार्यकर्ता शामिल रहे, जो जनता तक भाजपा के विकास के संदेश को पहुंचाने में जुटे हैं। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में बूथ कार्यकर्ता जनसम्पर्क अभियान के जरिये लोगों से समर्थन प्राप्त कर रहे हैं।

## सुविचार

हर व्यक्ति दिखने में अलग और स्वाभाव से भी अलग होता है। कोई दिखने में गोरा है, कोई काला है, कोई सीधा है, तो कोई क्रूर है परंतु सभी में इश्वर तत्व विद्यमान है। अतः सभी में ईश्वर की छवि देखना चाहिए।

## ट्वीट

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा, महाराष्ट्र में चुनाव आयोग का रवैया अच्छा नहीं है। महाराष्ट्रराजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा, महाराष्ट्र में चुनाव आयोग का रवैया अच्छा नहीं है।

-अशोक गहलोत



जोधपुर में भव्य मानस रामलीला में प्रतिभाग का पुनीत सौभाग्य मिला। इसमें 300 से अधिक कलाकारों ने अपनी मेधा का मनभावन प्रदर्शन कर वातावरण सियाराममय बना दिया। जोधपुर राजस्थान की सांस्कृतिक ही नहीं धार्मिक राजधानी भी है।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



## इतिहास कथा

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'

# दिवाली की वह रात



नवम्बर महीने की 9 तारीख और सन 1942...दिवाली का दिन था। हजारीबाग सेंट्रल में कैदियों में उल्लास उछाल मार रहा था...जेल के घुटन और ऊब भरे माहौल में जोरदार ढंग से दिवाली मनाने की छूट जो मिली थी। इस गहमा-गहमी की आड़ में सोशलिस्ट नेता जयप्रकाश नारायण उर्फ जेपी की एक गुप्त योजना भी थी। सिर्फ बारह लोग इसे जानते थे। जेल की चौकस सुरक्षा व्यवस्था की आँख में धूल झोंककर आज की रात जेपी सहित छह राजबंदियों को यहाँ से फुर्र हो जाना था।

यह जेल के कठोर जीवन से ऊबकर पलायन नहीं था, बल्कि समय की जरूरत थी। गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारतमाता की करुण पुकार थी, जिसे जयप्रकाश नारायण जैसे देशभक्त अनसुना नहीं कर सकते थे। वह सन 1940 से ही यहाँ थे। इससे पहले 'देवली कैम्प जेल' में थे। देवली जेल की हालत बहुत खराब थी। यहाँ के गंदे माहौल में कैद कई बुजुर्ग नेता गंभीर रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। इस सम्बन्ध में जेपी जेलर से मिले और बोले-महाशय, जेल नियमावली में राजनीतिक बन्दियों के लिए जो प्रावधान हैं, यहाँ उनका पालन क्यों नहीं हो रहा है?

पहले जेलर ने टाल मटोल किया, फिर सरकारी रोब-दाब दिखने लगा। इससे गुस्साकर जयप्रकाश नारायण ने अपने कुछ मित्रों के साथ देवली कैम्प जेल तोड़ने और राजनीतिक बन्दियों को 'ए' श्रेणी दिए जाने की मांग पर आमरण अनशन कर दिया। अनशन तैंतीस दिन खिंचा, तब सरकार झुकी। मगर इस अनशन से उनका स्वास्थ्य एकदम चौपट हो गया था।

देवली कैम्प जेल टूट गई, तो जेपी हजारीबाग सेंट्रल जेल में स्थानान्तरित कर दिए गए। यहाँ अक्सर कृष्ण बल्लभ सहाय के साथ बैडमिन्टन खेल लेते। कभी-कभी दोपहर में जग्गू बाबू के साथ ताश जम जाता। रामबृक्ष बेनीपुरी, योगेन्द्रनाथ वगैरह से रोजाना आजादी के आंदोलन पर लम्बी बहस होती। उनमें उत्साह खूब था, लेकिन देवली का बिगड़ा स्वास्थ्य ज्यों का त्यों...वही पिचके गाल, आँखों के नीचे कालिमा, चलते तो झुककर...हफ्तों दाढ़ी नहीं बनाते, इससे और निस्तेज लगते। बीच बीच में साइटिका का दर्द भी उभर आता था।

इन्हीं दिनों 9 अगस्त 1942 को खबर मिली-गांधीजी ने खुली बगावत का ऐलान कर दिया है-करो या मरो। खूब प्रसन्न हुए थे जयप्रकाश जी यह सुनकर ! उनमें भी कुछ कर गुजरने की तमन्ना जग गई। उन्होंने फ्रांस की क्रांति को ध्यान में रखकर एक योजना तैयार की। फ्रांस में बोस्तील जेल में बन्द क्रान्तिकारी एकजुट होकर रातों-रात जेल तोड़कर बाहर आ गए थे। वही इतिहास यहाँ दोहराना था। जेल में कैद नेताओं के सामने उन्होंने अपनी योजना रखी। दूसरे ही दिन एक जमादार से संकेत मिला कि योजना की भनक अधिकारियों को लग चुकी है। अगले रोज प्रमाण भी मिल गया। पहरेदार बदल गए। चौकसी बढ़ गई।

जयप्रकाश नारायण और उनके खास साथी सन्नाटा खींच गए। यह नाटक सफल रहा। जेल अधिकारियों को लगा कि साजिश की खबर फर्जी थी। किसी ने झूठमूठ वेवकूफ़ बनाया। 9 अगस्त के बाद नेताओं की धर-पकड़ का जो सिलसिला आरम्भ हुआ था। यह अब तक जारी था। मध्य सितम्बर तक जेल की कोठरियाँ खूब आबाद हो चुकी थीं। ढाई सौ के आसपास नेता लोग इसी जेल में आ चुके थे। बाहर की जो खबर मिल रही थी, उसके हिसाब से देश के सारे बड़े नेता गिरफ्तार हो चुके थे। क्रांति में बिखराव आने लगा था।

जेपी बेचैन हो उठे। उन्हें स्पष्ट दिख रहा था कि नेताओं के अभाव में क्रांति की आग ठंडी पड़ जाएगी। ऐसी हालत में अंग्रेज आंदोलन को आसानी से कुचल डालेंगे। इसलिए जनता के बीच नेताओं का होना जरूरी लग रहा था। वह अपने विश्वस्त मित्रों को उकसाने लगे-अब हाथ पर हाथ रखकर बैठने का समय नहीं है। कुछ करना चाहिए, तभी आंदोलन में जान आएगी।

रामवृक्ष बेनीपूरी से नहीं रहा गया। कह बैठे-बात तो ठीक है, लेकिन आप का स्वास्थ्य...

जेपी झल्ला उठे-आप क्या समझते हैं, तंदरुस्ती ही सब कुछ है, उत्साह कुछ भी नहीं।

उसी दिन तय हो गया, दीपावली की रात में जयप्रकाश नारायण के साथ योगेन्द्रनाथ शुक्ल, शालिग्राम सिंह, रामनन्दन मिश्र, सूर्यनारायण सिंह और गुलाबचन्द्र जेल फांदकर फरार होंगे। बाकी रामवृक्ष बेनीपुरी, अवधेश प्रसाद सिंह वगैरह जेल के अन्दर रहकर इस फ़रारी को देर तक छुपाये रखेंगे। योजना पर विचार-विमर्श चलता रहा। किस तरफ से कैसे जेल फाँदना है, यह तय हुआ। बाहर खर्च के लिए नकद रुपयों, कपड़े और जरूरी सामानों की व्यवस्था होने लगी। इसी समय जोरदार ढंग से दिवाली मनाने का माहौल भी तैयार किया जाने लगा।

जेल में एक सप्ताह पहले से ही अद्वितीय दिवाली मनाने के कार्यक्रम बनने लगे थे। युवा राजबन्दियों में खूब उत्साह था। बुजुर्ग नेता उदासीन थे, पर इन लोगों ने कोई विरोध नहीं किया। बल्कि जेल अधिकारियों से कहकर रात बारह बजे तक खुले रहने का प्रबन्ध करा दिया था। दिवाली की रात में नाचने-गाने, प्रहसन और स्वांग बनने के कई कार्यक्रम तय थे। कई-कई बार इनके रिहर्सल हुए। दिवाली की सुबह से ही दीवानगी बढ़ने लगी थी। योगेन्द्रनाथ शुक्ल तो बावले हुए जा रहे थे-हाँ भाई, एक बार फिर सुनाओ तो वह वाला गाना... दिवाली फिर आ गई सजनी...और इसके साथ बाजा-वाजा भी तो है...पूरे साज के साथ सुनाओ...।

जयप्रकाश नारायण ने दो बजे से कृष्णबल्लभ सहाय से बैडमिन्टन का मैच बदा था। बाद में कभी खेलने का मौका मिले कि न मिले, इसलिए आज वे पूरे फार्म में खेले। मैच समाप्त होते होते शाम होने लगी थी। धूप जेल की मुँडेरों और पेड़ों के ऊपर झिलमिला रही थी। पक्षी घोंसलों की तरफ लौट रहे थे। समय परीक्षा की घड़ी के निकट घिसट रहा था और इसी के साथ योजना में शामिल राजबन्दियों के पेट का पानी हलहलाने लगा था।

सभी सतर्क थे और सशंकित भी ! बस, थोड़ा सा समय बचा है। सब मन माफिक हो गया तो...एक क्षण में मन में उत्साह के सैकड़ों दीपक टिमटिमा उठते। मगर अगले पल धुप्प अंधेरा छाने लगता...अगर न सफल हुए तो... इसी उहापोह के बीच रात करीब खिसक आई। पेड़ों पर चहचहाते पक्षी शांत हो गए थे। दीपावली के दीये जले। लोग गले मिले। एक नौजवान गा उठा-'दिवाली फिर आ गई सजनी...' थाली, लोटा, बाल्टी... जिसके हाथ जो लगा, उसी पर थाप देने लगे। कुछ जोड़ी पाँव थिरक उठे।

बहुत सुन्दर... क्या खूब... उत्साहित करने वाली थापियाँ और तालियाँ...जेल में इतने राजबन्दी... नामवर बुजुर्ग नेता हैं तो स्कूल-कालेज के छोकरे नेता भी ! जेलर और नायब जेलर किस-किस पर नजर रखते ? जरूरत भी क्या थी ? कोई ऐसी-वैसी जेल नहीं थी, सेंट्रल जेल थी। किसी हिन्दुस्तानी माई के लाल में इतना दम नहीं कि इसे फलांग सके। इसी दावे में जेल अधिकारी आश्वस्त हैं। देख रहे हैं, रंग जमता जा रहा है। उदासीन राजबन्दियों में भी उमंग जागने लगी थी। धीरे-धीरे वे भी राग-रंग में शरीक होने लगे थे..। जेलर, नायब जेलर और गार्ड लोग भी मजा ले रहे हैं।

इसी समय जेल के उस कोने में जिधर जामुन के पेड़ की छाया थी, किसी ने एक मेज लाकर रख दिया। एक आदमी मेज पर चढ़ गया। दूसरा उसके कंधे पर सवार हो गया और टटोलकर कंदील रखने का गवाक्ष मजबूती से पकड़ लिया। इसीबीच खिसकते हुए अन्य लोग भी आ गए। उनमें से एक मेज पर खड़े साथी की कमर पर पैर रखता दूसरे व्यक्ति के कंधे पर जा पहुंचा। दिवाल का आखिरी सिरा अब उसकी पकड़ में था। वह उचककर दीवाल पर चढ़ गया। चुपचाप उसने कमर में बंधी रस्सी निकाली, उसका सिरा मेज पर खड़े साथियों को पकड़ाकर दूसरा सिरा बाहर गिरा दिया और फिर रस्सी के सहारे नीचे उतरने लगा। कुल दस सेकेंड बाद वह जमीन पर था।

उसने अगल-बगल देखा और थोड़ी दूर जाकर जमीन पर लेट गया। इसके बाद रस्सी के सहारे दूसरा, फिर तीसरा और दो ढाई मिनट के अन्दर छहों राजबन्दी बाहर आ गए। अन्दर राग-रंग झूमकर चल रहा था। चलते-चलते इन लोगों ने सुना, अन्दर सुरीली तान छेड़े था-

क्या हिन्द का जिंदां कांप रहा है, गूंज रही हैं तक्बीरें।

उकताएं हैं शायद कुछ कैदी, औ' तोड़ रहे हैं जंजीरें...।

जेल फांदने में जेपी के पैर में चोट लग गई थी। इसलिए वह सबसे पीछे चल रहे थे। शालिग्राम सिंह आगे थे। उनको इस इलाके की जानकारी थी। अंधेरी रात और जंगल भरा पठारी इलाका...करीब दो-ढाई मील चले होंगे कि धुप्प अंधेरे में कुछ साथी झम्म से नाले में जा गिरे। कपड़े पानी से लथपथ...ठंड से दांत बजने लगे। शालिग्राम सिंह ने सुझाया-जरा रुको, कपड़े बदल लिए जाएं...।

मगर यह क्या, कपड़े और जरूरी सामानों की गठरी तो जेल में ही छूट गई थी। कुछ दूर और चलने पर जेपी को साइटिका का दर्द उभरने लगा। चलना मुश्किल हो गया। मगर रुक नहीं सकते थे। सभी बारी-बारी से सहारा देकर उन्हें चलते रहे...।

इधर जेल में जो साथी थे,उनकी व्यवस्था इतनी चौकस थी कि जेल अधिकारी इस घटना को अठारह घंटे तक नहीं जान पाए। दूसरे दिन बारह बजे के बाद भेद खुला तो दहकती हुई खबर पटना सचिवालय पहुंची। वहाँ से हर जिले के कलेक्टरों का फोन एक-एक कर घनघनाने लगा-सावधान, कोई बड़ी साजिश है..।

पूरे विहार में रेड एलर्ट...सारी जेलों के अधिकारी सतर्क कर दिए गए। पुलिस और खुफिया तंत्र चौकन्ना हो गया। हजारीबाग और आसपास हवाई जहाज मंडराने लगे। जंगल, पहाड़, खेत, मैदान सब जगह गिद्ध दृष्टि...आखिर फरार राजबन्दी किधर हैं ? समूचे विहार में खलभली भरा माहौल बन चुका था। लोग डरे-सहमे थे, तो अपने नेताओं के दुस्साहस पर उनको गर्व की अनुभूति भी हो रही थी।

इधर जयप्रकाश नारायण और उनके हमराही रात भर चलते रहे। दिन में भी छिपते-छिपाते यात्रा जारी रही। शाम को एक गाँव दिखा। शालिग्राम सिंह ने सबको छिपकर बैठ जाने को कहा और स्वयं गाँव में चले गए। यहाँ उनके एक परिचित दूबेजी थे। वे उन्हें लिवा आए। दूबेजी देशभक्त आदमी थे। सबसे मिलकर प्रसन्न हुए। आनन-फानन में सारी व्यवस्था की। सबको भोजन कराया। देहाती कपड़े दिये। आगे की यात्रा के लिए बैलगाड़ी की व्यवस्था करायी।

रात में यात्रा फिर आरम्भ हुई। जेपी का पैर घायल था। वह गाड़ी में लेटे। अन्य सब हाथों में कुल्हाड़ी और डंडे लेकर गाड़ी के आगे-पीछे चलते रहे। लग रहा था, गाँव वाले जंगल से लकड़ी काटने जा रहे हैं। सासाराम पहुँचकर जेपी ने सिर मुड़ाया, दाढ़ी नहीं बनवाई। सिर पर पगड़ी, घुटनों तक धोती और हाथ में लम्बी लाठी...इस वेश में रेल पर सवार होकर आंदोलन की ठंडी पड़ती आग दहकाने बनारस के लिए रवाना हो गये...।

इस घटना के बाद आज बयासवीं दिवाली गुजरने वाली है। मगर इस साहसिक अभियान वाली दिवाली की जगमगाहट स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के पृष्ठों पर अपनी अनोखी चमक के साथ अब भी विद्यमान है।

> **जेल में एक सप्ताह पहले से ही अद्वितीय दिवाली मनाने के कार्यक्रम बनने लगे थे। युवा राजबन्दियों में खूब उत्साह था। बुजुर्ग नेता उदासीन थे, पर इन लोगों ने कोई विरोध नहीं किया। बल्कि जेल अधिकारियों से कहकर रात बारह बजे तक खुले रहने का प्रबन्ध करा दिया था। दिवाली की रात में नाचने-गाने, प्रहसन और स्वांग बनने के कई कार्यक्रम तय थे। कई-कई बार इनके रिहर्सल हुए। दिवाली की सुबह से ही दीवानगी बढ़ने लगी थी। योगेन्द्रनाथ शुक्ल तो बावले हुए जा रहे थे-हाँ भाई, एक बार फिर सुनाओ तो वह वाला गाना... दिवाली फिर आ गई सजनी...और इसके साथ बाजा-वाजा भी तो है...पूरे साज के साथ सुनाओ...।**

## संजय उवाच



# माँ तुझे प्रणाम !

सामान्यतः दो किलोमीटर की परिधि के भीतर के काम पैदल करता हूँ। इससे प्रदूषण दूर करने में मेरा टिटिहरी योगदान हो जाता है। साथ ही पैदल चलने का अभ्यास भी बना रहता है। तीसरी बात है कि पैदल चलना मुझे प्रिय है। यह अवलोकन और चिंतन के अवसर प्रदान करता है। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। बैंक जाना था। दोपहर ढाई बजे का समय था। मैं निकल पड़ा पदयात्रा पर। अभी आधा किलोमीटर ही गया था कि देखता हूँ कि सामने से एक महिला चली आ रही है। आयु लगभग तीस-बत्तीस वर्ष, दुबली-पतली काया। उसके साथ दो बच्चे थे। बच्चों की औसत आयु छह वर्ष रही होगी। बच्चे जुड़वाँ लगे। दोनों बच्चे पाठशाला की गणवेश में थे। यह सामान्य दृश्य था, असामान्य था कि यह महिला अपने कंधों पर गैस सिलेंडर उठाए हुए थी। बच्चों को लेकर वह हमारे घर के निकट स्थित गैस एजेंसी के और जा रही थी। संभवत: वह घर से खाली सिलेंडर लेकर निकली होगी और बच्चों को स्कूल से साथ लेकर गैस एजेंसी की ओर जा रही है। संभव है कि पहले बच्चों को लेकर घर पहुँची हो, फिर सिलेंडर उठाकर निकली हो। यद्यपि बच्चों के कंधों पर लदा बस्ता, दूसरी संभावना को निरस्त कर रहा था।

सिलेंडर उठाए महिला बीच-बीच में ठहरती, अपने बच्चों को संभालती। बच्चे फुटपाथ से नीचे न उतरें, इसका ध्यान रखती। मेरी आँखों में पनघट से तीन-चार गागर भरकर अपने सिर पर उठा कर लाती महिलाओं के चित्र घूमने लगे। निर्माणाधीन इमारतों में सीमेंट-गारा ढोती महिलाएँ दिखने लगीं। सुबह उठने से रात सोने जाने तक 'ट्वेंटी फोर बाय सेवन' घर संभालती गृहिणियों की छवि मन के स्क्रिन पर चलचित्र-सी चलने लगी। शोकांतिका यह कि महिलाओं के श्रम को हमेशा कम आंका गया और समानता के सारे नियमों-दावों के बावज़ूद पुरुष की तुलना में बेगारी कम मिली।

पुरुष, एक स्त्री की कोख से जन्म लेकर धरा पर आता है। कालांतर में उसकी पत्नी की कोख से उसकी संतान जन्म पाती है। इन दो ध्रुवों के बीच भी शक्ति के अनेक रूप हैं। भीतर होने लगा अपनी कविता 'औरत' का पाठ। इसका एक अंश कहता है-

हाथी और अंधों की कहानी की तर्ज़ पर
सबने देखी अपनी सुविधा से
थोड़ी-थोड़ी औरत,
अफ़सोस-
किसीने नहीं देखी एक बार में
पूरी की पूरी औरत..!

स्त्री को समग्रता और समानता से देखने, समझने की आवश्यकता है। देखेंगे तो अपने इर्द-गिर्द बोझ ढोती, बराबरी से घर चलाती अनेक महिलाएँ पाएँगे। इनके कंधों पर भी अदृश्य सिलेंडर हैं। इनके श्रम का सम्मान कीजिए, इनका सम्मान कीजिए। कंधे पर सिलेंडर उठाए, अपने बच्चों को संभालती वह स्त्री गंतव्य की ओर बढ़ चुकी थी। मैंने मन ही मन इस रूप को प्रणाम किया।

नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।

## बोध कथा

# बीरबल और जादुई गधे

एक समय की बात है, बादशाह अकबर ने अपने बेगम के जन्मदिन के लिए बहुत ही खूबसूरत और बेशकीमती हार बनवाया था। जब जन्मदिन आया, तो बादशाह अकबर ने वह हार अपनी बेगम को तोहफे में दे दिया, जो उनकी बेगम को बहुत पसंद आया। अगली रात बेगम साहिबा ने वह हार गले से उतारकर एक संदूक में रख दिया। जब इस बात को कई दिन गुजर गए, तो एक दिन बेगम साहिबा ने हार पहने के लिए संदूक खोला, लेकिन हार कहीं नहीं मिला। इससे वह बहुत उदास हो गईं और इस बारे में बादशाह अकबर को बताया। इस बारे में पता चलते ही बादशाह अकबर ने अपने सैनिकों को हार ढूंढने का आदेश दिया, लेकिन हार कहीं नहीं मिला। इससे अकबर को यकीन हो गया कि बेगम का हार चोरी हो गया है।

फिर अकबर ने बीरबल को महल में आने के लिए बुलावा भेजा। जब बीरबल आया, तो अकबर ने सारी बात बताई और हार को खोज निकालने की जिम्मेदारी उसे सौंप दी। बीरबल ने समय व्यर्थ किए बिना ही राजमहल में काम करने वाले सभी लोगों को दरबार में आने के लिए संदेश भिजवाया। थोड़े ही देर में दरबार लग गया। दरबार में अकबर और बेगम सहित सभी काम करने वाले हाजिर थे, लेकिन बीरबल दरबार में नहीं था। सभी बीरबल का इंतजार कर ही रहे थे कि तभी बीरबल एक गधा लेकर राज दरबार में पहुंच जाता है। देर से दरबार में आने के लिए बीरबल बादशाह अकबर से माफी मांगता है। सभी सोचने लगते हैं कि बीरबल गधे को लेकर राज दरबार में क्यों आया है। फिर बीरबल बताता है कि यह गधा उसका दोस्त है और उसके पास जादुई शक्ति है। यह शाही हार चुराने वाले का नाम बता सकता है। इसके बाद बीरबल जादुई गधे को सबसे नजदीक वाले कमरे में ले जाकर बांध देता है और कहता है कि सभी एक-एक करके कमरे में जाएं और गधे की पूंछ पकड़कर चिल्लाए जहांपनाह मैंने चोरी नहीं की है। साथ ही बीरबल कहता है कि आप सभी की आवाज दरबार तक आनी चाहिए। सभी के पूंछ पकड़कर चिल्लाने के बाद आखिर में गधा बताएगा कि चोरी किसने की है। इसके बाद सभी कमरे के बाहर एक लाइन में खड़े हो गए और एक-एक करके सभी ने कमरे में जाना शुरू कर दिया। जो भी कमरे के अंदर जाता, तो पूंछ पकड़ कर चिल्लाना शुरू कर देता जहांपनाह मैंने चोरी नहीं की है। जब सभी का नंबर आ जाता है, तो अंत में बीरबल कमरे में जाता है और कुछ देर बाद कमरे से बाहर आ जाता है। फिर बीरबल सभी काम करने वालों के पास जाकर उन्हें दोनों हाथ सामने करने को बोलता है और एक-एक करके सभी के हाथ सूंघने लगता है। बीरबल की इस हरकत को देखकर सभी हैरान हो जाते हैं। ऐसे ही सूंघते-सूंघते एक काम करने वाले का हाथ पकड़कर बीरबल जोर से बोलता है, जहांपनाह इसने चोरी की है। ये सुनकर अकबर बीरबल से कहते हैं, तुम इतने यकीन के साथ कैसे कह सकते हो कि चोरी इस सेवक ने ही की है। क्या तुम्हें जादुई गधे ने इसका नाम बताया है। तब बीरबल बोलता है, जहांपनाह यह गधा जादुई नहीं है। यह बाकी गधों की तरह साधारण ही है। बस मैंने इस गधे की पूंछ पर एक खास तरह का इत्र लगाया है। सभी सेवकों ने गधे की पूंछ को पकड़ा, बस इस चोर को छोड़कर। इसलिए, इसके हाथ से इत्र की खुशबू नहीं आ रही है। फिर चोर को पकड़ लिया गया और उससे चोरी के सभी सामान के साथ ही बेगम का हार भी बरामद कर लिया गया। बीरबल की इस अक्लमंदी की सभी ने सराहना की और बेगम ने खुश होकर बादशाह अकबर से उसे उपहार भी दिलवाया।



## वीर गाथा

# एयर कमोडोर हरचरण सिंह : दुश्मन की गोलियां भी नहीं रोक पाईं विमान, हौसला था इतना ऊंचा, जितना आसमान

एयर कमोडोर हरचरण सिंह मंगत का जन्म 6 जून, 1932 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीराम सिंह मंगत है। वीरों और बलिदानियों की धरती पंजाब का हमारे देश की रक्षा में विशेष योगदान है। हरचरण सिंह सिक्ख गुरुओं, योद्धाओं और क्रांतिकारियों के बारे में पढ़ते-सुनते बड़े हो रहे थे। इसका असर उनके जीवन पर भी हुआ। हरचरण सिंह मंगत साल 1954 में भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए थे। उन्हें अपने जीवन में कई अवसर मिले, जब हवाई हमले कर दुश्मन को तहस-नहस किया। उन्होंने साल 1965 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ बहुत पराक्रम दिखाया था।

जब साल 1971 में एक बार फिर रणभेरी बजी तो हरचरण सिंह अपना विमान लेकर दुश्मन को सबक सिखाने निकल पड़े थे। उस समय वे बतौर विंग कमांडर पश्चिमी क्षेत्र में सुखोई एसयू-7 विमान संचालित करने वाली ऑपरेशनल बॉम्बर स्क्वाड्रन नं. 32 के कमांडिंग ऑफिसर थे। हरचरण सिंह मंगत पर बहुत अहम जिम्मेदारी थी। उन्होंने पाकिस्तानी सीमा में काफी अंदर तक जाकर टोही मिशनों को अंजाम दिया। वे जो जानकारी लेकर आए, उसके आधार पर वायुसेना ने हमले की रणनीति बनाई और दुश्मन के ठिकानों पर खूब बम बरसाए थे। थल सेना ने भी उस सूचना के आधार पर धावा बोला और पाकिस्तान के बहुत बड़े भू-भाग पर कब्जा कर लिया था। यह पूरा मिशन काफी खतरनाक था, जिसे हरचरण ने बहुत बहादुरी से अंजाम दिया था। एक स्ट्राइक मिशन के दौरान उनके विमान पर तीव्र एंटी-एयरक्राफ्ट फायर से तीन बार हमला हुआ, लेकिन वे अपनी जान की बाज़ी लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। उस समय दुश्मन के इंटरसेप्टर मौके पर आ गए थे। इसके बावजूद, उन्होंने अपने दल को खतरनाक स्थिति से बाहर निकाला और उसे सुरक्षित बेस पर ले गए थे। बाद में पता चला कि उनका विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। उसकी नियंत्रण सतह का काफी हिस्सा अलग हो चुका था। हरचरण अपने बेहतरीन उड़ान कौशल और साहस के बूते ही उसे सुरक्षित लेकर आए थे। विंग कमांडर हरचरण सिंह मंगत ने असाधारण वीरता, दृढ़ संकल्प, उच्च स्तर के कौशल और शानदार नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया था। उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। वे साल 1986 में बतौर एयर कमोडोर सेवानिवृत्त हुए।



## न्यूज़ अपडेट

### अंचलाधिकारी के अल्टीमेटम के बाद एम्स के पास से अवैध अस्थाई दुकानें हटाई

देवीपुर अंचल के अंचलाधिकारी खोपलाल राम के द्वारा दो दिन का अल्टीमेटम देने के बाद एम्स स्थित अवैध अस्थाई दुकानें स्वयं दुकानदार ने हटा ली है। हालांकि अभी भी कई दुकानदार अपने गुंगटी, बक्सा टेबल कुर्सी वगैरह नहीं हटाया है। लेकिन दुकान बंद रखा है। इस संबंध में अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने बताया कि पूर्व में भी अंचलाधिकारी के द्वारा अवैध दुकानों को हटाकर खाली करवाया गया था और इस बार भी खाली करवा दिया गया है। एम्स प्रबंधन को चाहिए कि वह अपना जमीन अपने कब्जे में करें। ताकि कोई अवैध दुकान नहीं लगा सके और अवैध दुकान नहीं लगाया जा सके।

### राहगीरों को पिस्तौल दिखाकर लूटने वाला अपराधी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**मधुपुर संवाददाता।** मधुपुर प्रखंड के पटवाबाद के रहने वाले फुरकान अंसारी से रास्ता रोक कर लूटमार का प्रयास करने वाले दो अपराधियों को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया! घटना के संबंध में बताया जाता है कि फुरकान अंसारी पटवाबाद स्थित अपने घर से फौजी मोड़ के पास रात 8:20 में जा रहा था इसी दौरान काले रंग के पल्सर में आए तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक कर देवघर का पता पूछा और फोन करके मोबाइल मांगने लगे। फुरकान अंसारी को उन लोगों पर शक हुआ तो मोबाइल देने से इनकार कर दिया तभी वह लोग मारपीट पर उतारू हो गए और कनपटी पर रिवॉल्वर सटा दिया जब घटना का हो हल्ला होने लगा तो स्थानीय ग्रामीणों ने वहां जुड़ गए और उन लोगों ने दो अपराधी को पकड़ लिया जबकि भीड़ का फायदा उठाकर एक अपराधी वहां से निकल भागा। पकड़े गए अपराधियों की पहचान पटवाबाद निवासी शाहबाज आलम और बेलपाड़ा निवासी नफीस अंसारी के रूप में की गई है। पकड़े गए युवक के पास से एक नकली रिवाल्वर एक पंच ,चाकू और मोबाइल बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जेपीपी से चुनाव लड़ेंगे डॉ सिराजुद्दीन अंसारी




**पालोजोरी।** झारखंड पीपुल्स पार्टी से सारठ विधानसभा के प्रत्याशी के रूप में पालोजोरी प्रखंड के निवासी डॉ सिराजुद्दीन अंसारी को बनाया गया है। इसको लेकर झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा ने सारठ विधानसभा क्षेत्र से जेपीपी से डॉ सिराजुद्दीन अंसारी को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव प्रेमचंद किस्कू ने डॉ सिराजुद्दीन अंसारी को पार्टी का सदस्यता दिलाकर सिंबल दिया। वहीं डॉ सिराजुद्दीन अंसारी ने शनिवार को नाजिर रसीद कटवा लिया है। सोमवार को अपना नामांकन करेंगे।

### कर्माटांड़ थाने की पुलिस ने रेल ट्रेक से 46 वर्षीय व्यक्ति काक्षत-विक्षत शव बरामद किया

**मधुपुर ।** आसनसोल झाझा मुख्य रेल खंड के विद्यासागर और मदन कट्टा के बीच पोल संख्या 277 /20-22 के डाउन रेल ट्रेक के बीच मे एक 46 वर्षीय व्यक्ति का क्षत - विक्षत शव मिलने की सूचना पर मधुपुर आरपीएफ के एसआई आर०एस प्रसाद आरक्षी बबलू कुमार कर्माटांड़ थाने के सब इंस्पेक्टर कमलेश चौधरी जवान के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले का जांच किया । आरपीएफ ने बताया की मृतक किसी अज्ञात ट्रेन के चपेट मे आने से हादसे का शिकार हुआ है । घटनास्थल आउटर सिंगल के बाहर रहने के कारण यह मामला कर्माटांड़ थाना की है। आरपीएफ ने इसकी सूचना कर्माटांड़ थाना को दी। सूचना पर कर्माटांड़ थाने के सब इंस्पेक्टर कमलेश चौधरी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है। कर्माटांड़ थाना सब इंस्पेक्टर कमलेश चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान परमानंद राय 46 वर्षीय बांधडीह कला झरिया थाना करों जिला देवघर का रहने वाला है । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है इस मामले को लेकर कर्माटांड़ थाने में एक युडी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बाहरी और दबंगों के इशारे पर तय हो रहा है झामुमो का टिकट

- 35 साल पार्टी के सेवा का ये मिला सिला।
- अपने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद बोले शशांक शेखर भोक्ता : इस चुनाव में पार्टी के लिए वोट नहीं मांगूंगा, हमारे कार्यकर्ता भी स्वतंत्र।
- चुनाव बाद नए विकल्प पर होगा विचारः भोक्ता

**पालोजोरी (संवाददाता)।**

: झारखंड विधानसभा के चुनाव में सारठ विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से नाराज
झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक और राज्य के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता ने आज अपने आवास चितरा में अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी करते हुए आगे की रणनीति पर लंबी चर्चा के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नए विकल्प तलाशने की बात कही,भारी बारिश और खराब मौसम के बाद भी हजारों की संख्या में सारठ विधानसभा क्षेत्र के 64 पंचायतों से जुटे झामुमो कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में पार्टी के इस फैसले पर विरोध जताते हुए इस चुनाव में सबक सिखाने की भी बात कही।
कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी का यह फैसला हतप्रभ करने वाला है। सारठ में जिस व्यक्ति ने अपने खून पसीने से सींच कर पार्टी को खड़ा किया आज पार्टी ने उसे हाशिए पर खड़ा कर दिया है। अब समय हमारा है पार्टी को इस किए की सजा सारठ में जरूर मिलेगी।
उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक शशांक शेखर भोक्ता ने कहा कि



35 सालों से पार्टी का सिपाही बनकर खड़ा रहा सारठ में सामंतियो और दबंगों से लड़कर पार्टी की नीव रखी इसका इनाम मुझे पार्टी ने ये दिया की आज मैं हाशिए पर हूं। झारखंड आंदोलन में शिबू सोरेन के साथ लड़ते हुए जेल तक गया। जो लोग झारखंड आंदोलन को दबाने और इसे कुचलना का प्रयास किया आज उन्हें ही सारठ का
ताज सौप दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अब संगठन की पार्टी न रहकर व्यक्ति विशेष की पार्टी बन गई है। टिकट बंटवारे के लिए ना तो कोई रायशुमारी की जाती है और ना ही संगठन के लोगों से इसके लिए कोई चर्चा ही होती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का टिकट अब बाहरी और बिहार के लोग करते हैं। दबंग के इशारे पर अब लोगों को टिकट बांटा जा रहा है। मुझे टिकट देने के आश्वासन देने के बाद भी सुबह टिकट किसी और को दे दिया गया।मैं इस बात से दुखी हूं और दुख अपने लोगों के साथ बांटा जाता है। इसीलिए मैंने अपना दुख बांटने के लिए आप लोगों को यहां बुलाया हूं।

अपने 13 मिनट के भाषण में शशांक शेखर भोक्ता ने कहा कि चुनाव का वक्त है और समय भी बहुत कम है। कार्यकर्ताओं ने नए विकल्प की बात कही है। चुनाव के बाद इस पर विचार होगा और कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श के बाद नए विकल्प और नए सिरे से तैयारी की जाएगी। मैंने अपने विचारों से पार्टी को भी अवगत करा दिया है कि मैं सारठ में पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन नहीं करता हूं। अब मुझे पार्टी रखें या निकाल दे मुझे इसकी तनिक भी परवाह नहीं है।
मौके पर झारखंड आंदोलनकारी चांदो मंडल,राम मोहन चौधरी,युगल राय,प्रशांत शेखर,मुन्ना कुमार, नसीम अंसारी,रत्न दास,सपन दास,आनंद महतो,सुरेश मुर्मू,सोनालाल हंसदा,इम्तियाज अंसारी, रजाउल मिया,इदरीश मिया,भूदेव,सनातन ,रामकिशोर मंडल,जब्बार अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

**देवघर।**

उपायुक्त विशाल सागर के निर्देशानुसार आज स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती की अध्यक्षता में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं कंटेंट क्रिएटर के साथ बैठक का आयोजन सूचना भवन में किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर फर्स्ट टाइम वोटर के साथ युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।साथ ही जिले के सभी मतदाता 20 नवंबर को अपने घरों से निकलकर मतदान करें इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किये जा रहे हैं।
जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से मतदाताओं को जागरूक करने



में सहयोग करने की अपील की। साथ ही कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें,वोट प्रतिशत में वृद्धि हो इसके लिए यह बैठक आयोजित की गई है। इंफ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। आगे उन्होने कहा कि सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली माध्यम है। एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं, जिसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा सकता है। इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने अपने विचार रखे। साथ ही संगीत, रील्स, ब्लागर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया।

## आजाद समाज पार्टी से सहीम खां होंगे मधुपुर से प्रत्याशी





**मधुपुर संवाददाताः।**

शहर के पत्थरचपटी स्थित सभागार में शनिवार को सहीम खां के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई।
जिसमें आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रभारी एम तोमर उपस्थित हुए। श्री तोमर ने सहीम खां को मधुपुर विधानसभा से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। मौके पर सहीम खां ने कहा कि आजाद समाज पार्टी ने मुझे मधुपुर से प्रत्याशी बनाया है। मधुपुर विधानसभा के मतदाता इस बार किसी के धोखे में ना आकर केतली छाप पर मतदान करें। मैं हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहता हूं और जनता मुझे आशीर्वाद देगी तो मैं मूलभूत सुविधा स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, स्वच्छ पानी जैसी समस्या को दूर करूंगा। जनता के हक अधिकार को ईमानदारी पूर्वक दिलाने का काम करूंगा। महागठबंधन की सरकार जनता को 5 वर्षों से बेवकूफ बनाने का काम कर रही है झारखंड में बेरोजगारी एक मुख्य समस्या बनी हुई है। इस सरकार ने झारखंड को सिर्फ लूटने का काम किया है और इस पर मधुपुर की जनता इस सरकार को निकालना के मूड में है। मतदाता वोट के माध्यम से मुंह तोड़ जवाब देने को तैयार हैं। आगामी 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को सहीम खां नामांकन करेंगे।मौके पर मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में उनके कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

## एसडीपीओ व इंस्पेक्टर द्वारा कॉन्फिडेंस बिल्डिग मेजर्स का आयोजन

**डुमरी।** आज शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी सुमित प्रसाद,व अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद महतो डुमरी की उपस्थिति में वुल्नरेबल बूथ संख्या 110 और 111 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मणटुंडा में कॉन्फिडेंस बिल्डिग मेजर्स (सीबीएम) का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा वहाँ उपस्थित सभी लोगो से निर्भी×क होकर अपने बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए बिना किसी भय,दबाव के और किसी प्रलोभन के बिना मतदान करने का आग्रह किया गया। सभी लोगो ने निर्भीक होकर मतदान करने का वादा किया। सभी लोगो ने एक नारा लगाया चुनाव का पर्व देश का गर्व।
इसके साथ ही एसडीपीओ एवं अंचल निरीक्षक डुमरी ने प्रखंड के यूएमएस चेगरो,उत्क्रमित मध्य विद्यालय चालमो,जगरनाथ महतो इंटर कॉलेज मंझलाडीह एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण कर स्कूलों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ सफाई/पेय जल,बिजली,सुरक्षा इत्यादि की जानकारी लेते हुए सुविधाओं को दुरूस्त करने की दिशा में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



# अनुमंडल कार्यालय, खोरीमहुआ में रक्तदान शिविर-सह-मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

- रक्तदान को बनाइये अभियान, रक्तदान करके बचाइये जान...
- खोरीमहुआ में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों/प्रेस प्रतिनिधियों व आमजनों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**

जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग,गिरिडीह के द्वारा अनुमंडल परिसर खोरीमहुआ में रक्तदान शिविर-सह-मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 22 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में वरीय अधिकारियों समेत कई अधिकारियों/प्रेस प्रतिनिधियों व कर्मचारियों व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अंचलाधिकारी, अनुमंडल कार्यालय के अधिकारी समेत स्वीप कोषांग की पूरी टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।
अनुमंडल परिसर में रक्तदान शिविर के साथ साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान व सेल्फी पॉइंट का भी आयोजन किया गया। जहां कई मतदाताओं ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया और अपनी सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान सभी लोगों ने एक सुर में लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की बात कही। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, श्री अनिमेष रंजन के द्वारा सभी मतदाताओं को निर्वाचन प्रणाली, मतदान के महत्व और मतदान




तिथि सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी तथा सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई।

- **मौके पर सभी ने एक सुर में नारे लगाए 20 नवंबर को वोट करेंगे देश के लिए।**

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी अधिकारियों/कर्मियों/ आम लोगों ने नैतिक मतदान की शपथ ली। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिला से स्वीप कोषांग की टीम आई है, जिसके सहयोग से धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय और लो पर्सेंटेज वाले बूथ में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिससे कि हमारे मतदाता जागरूक जागरूक हो और मतदान के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।
इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा वोटर हेल्पलाइन ऐप, टॉल फ्री नंबर 1950, सी विजिल ऐप आदि की जानकारी दी। उन्होनें कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। रक्तदान शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं रक्तदान किया और लोगों से भी रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए रक्तदान करना लाभदायक है,हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को ले विभिन्न कोषांगो की समीक्षा

**सभी कोषांग निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें और संबंधित कोषांग से समन्वय बनाकर कार्य करेगें:जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**

गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर शनिवार को विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही सभी कोषांग को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को लेकर सारी तैयारियां दुरुस्त कर लें और सभी कोषांग समन्वय बनाकर कार्य करें। समीक्षा के क्रम में ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट



मैनेजमेंट सेल, पीडब्ल्यूडी कोषांग, स्वीप कोषांग, स्ट्राँग रूम, सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, मीडिया कोषांग, एमसीएमसी कोषांग आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।
इस दौरान उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,सभी अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## बगोदर विधानसभा से डॉ0 सलीम अंसारी 29 अक्टूबर को करेंगे नामांकन



**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तकरीबन 15 बूथ बगोदर विधानसभा में आते हैं। बगोदर विधानसभा से सभी प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही नामांकन का दौर चल रहा है। इसी क्रम में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेबीकेएसएस) के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बगोदर विधानसभा से प्रत्याशी की घोषणा कर दी गई है, जिसमें बिरनी मध्य जिला परिषद सदस्य सजदा खातून के प्रतिनिधि सखबरा पंचायत अंतर्गत ग्राम वकुबरी निवासी डॉ० सलीम अंसारी को प्रत्याशी बनाया गया है। इस संबंध में डॉ० सलीम अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वह दिनांक 29 अक्टूबर को सरिया अनुमंडल कार्यालय में नामांकन करेंगे एवं उन्होंने समर्थकों से आग्रह किया है कि उनके नामांकन रैली में शामिल होकर स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करें।

## बेला गांव में गैस सिलेंडर फटने से एक महिला की मौत, दो घायल

- पीड़ित परिवार से मिले भाजपा, सपा एवं महिला नेत्री, बढ़ाया ढाढस



**श्रम बिंदु बरही।** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम बेला गांव में 17 अक्टूबर को दर्दनाक हादसा हुआ। घर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेला गांव निवासी रॉबिन चंद्रवंशी सपरिवार घर में थे और उनकी पत्नी खाना बना रही थी। इसी दौरान रसोई गैस सिलेंडर फट गया और तीन व्यक्ति चपेट में आकर झुलस गए। इलाज के दौरान राबिन की पत्नी की मौत हो गई । वहीं दो लोगों की रांची में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही अहले सुबह भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव, सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला एवं कांग्रेस प्रत्याशी अरूण साहू की मां साबी देवी पीड़ित परिवारों से मिले। घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त किया एवं पीड़ित परिवार का ढांढस बढ़ाया। और हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, टेकलाल यादव, डिलो पासवान, रघुवीर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व सांसद रवींद्र कुमार से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने की मुलाकात

- क्षेत्र के विकास और कल्याण की दिशा में संकल्पित हूं : अंबा प्रसाद



**बड़कागांव ।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक/पूर्व सांसद, सीएमपीएफ ट्रस्टी बोर्ड सदस्य, जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार और उनके परिवार के सदस्यों से सयाल स्थित आवास पर पहुंच कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार अंबा प्रसाद ने आत्मीय मुलाकात की।इस दौरान उनका कुशल-क्षेम जाना एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।अंबा प्रसाद ने कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन और समर्थन मुझे हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि इस चुनाव में भी उनका आशीर्वाद, कुशल मार्गदर्शन और संबल पाकर , मैं क्षेत्र के विकास और कल्याण की दिशा में और अधिक संकल्पित ह।

## जेनरल ऑब्जर्वर ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंदों का किया गया निरीक्षण



**बड़कागांव ।** बड़कागांव विधानसभा के जेनरल ऑब्जर्वर श्रवण कुमार द्वारा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न मतदान केंदों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ऑब्जर्वर श्री कुमार ने मतदान केंद्र के कई बीएलओ एवं शिक्षकों से मतदान केंद्रों की जानकारी ली गई। उन्होंने उरीमारी चेकपोस्ट, उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरीमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ सहित अन्य मतदान केंदों का अवलोकन किया। इस अवसर पर बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक तेजू साव , सुचित्रा कुमारी,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आशीर्वाद यात्रा के दौरान दारू प्रखंड में उमड़ा जन सैलाब

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।**



भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा दारू प्रखंड में आशीर्वाद यात्रा निकाला गया और देखते ही देखते जन सैलाब उमर पड़ा आज आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ से पूर्व भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने गौ माता को गुड और रोटी खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। या आशीर्वाद यात्रा काफी ऐतिहासिक होने वाला है और इसका प्रारंभ आज से हो गया है पहले आशीर्वाद यात्रा दारू प्रखंड में किया जा रहा है जो जिनगा गांव से सुबह सुबह 8:00 प्रारंभ किया गया है जैसे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का जिनगा चौक पर आगमन हुआ समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया जैसे-जैसे गांव का भ्रमण कर रहे थे वैसे-वैसे समस्या ग्रामीणों लोग बता रहे थे सामाजिक , आर्थिक , राजनीतिक समस्या थी उस समस्या को गंभीरता से सुना उसके बाद उस समस्या का निष्पादन करने का उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास ग्रामीणों को दिलाया भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि आशीर्वाद यात्रा से हम प्रत्येक व्यक्ति से जनसंपर्क स्थापित कर सकते हैं और समस्या को जान सकते हैं हजारीबाग सदर विधानसभा के अन्तर्गत दारू प्रखंड के कई गांवों से जनसंपर्क जनता जनार्दन का आशीर्वाद लिया हजारीबाग के विकास और प्रगति के लिए लोगों में जबरजस्त उत्साह देखने को मिला। जन-जन के मन की एक ही आवाज सुनाई दे रही है, 'इंडी गठबंधन जा रही है, भाजपा आ रही है' जगह-जगह पर मेरे हजारीबाग के परिवारजनों ने मुझे जो स्नेह और आशीर्वाद दिया है वह मेरे लिए अत्यंत सुखद और सौभाग्य का विषय है। लोगों के द्वारा मिले आशीर्वाद से मुझे पूर्ण विश्वास है कि हजारीबाग सदर विधानसभा में कमल खिलने जा रहा है हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत दारू प्रखंड में जनसंपर्क कर 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनाने की अपील किया। इंडी गठबधन सरकार से त्रस्त प्रदेश की जनता भी सुशासन की स्थापना के लिए भाजपा सरकार बनाने के लिए संकल्पित दिखाई दी। दारू प्रखंड के मेरे सभी परिवारजनों को उनके अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता हूँ और कई गांव पहुंचे जैसे महेशरा ,जोंहियां ,झुमरा ,रामदेवखरिका ,कवालू ,गोपलो ,तिलैया ,हरली ,पेटो,बासोबर ,भटबिघा ,दारूखरिका ,बक्सीडिह ,दारूडिह ,जबरा ,सुल्तानी ,पीपचो,बड़वार ,चिरवा,चोटका इरगा ,बड़का इरगा में आशीर्वाद यात्रा समाप्त हुआ इस आशीर्वाद यात्रा के दौरान साथ में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव , विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू , जिनगा पंचायत की वर्तमान मुखिया पिंकी देवी , बसंत नारायण , अशोक प्रसाद, नवल किशोर , सोनी कुशवाहा,राजन सिन्हा, रोशन सिंह , रामनारायण कुशवाहा ,सुरेश साव, प्रमोद राम , संजय प्रसाद , विक्की कुमार , कुंदन कुमार , लक्ष्मी देवी , संदीप कुमार कई और गणमान्य लोग और ग्रामीण लोग उपस्थित थे

# सुदेश चंद्रवंशी भाजपा हजारीबाग विधानसभा संचालन समिति के संयोजक बने

**हजारीबाग।**



भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के द्वारा सुदेश चंद्रवंशी को भाजपा हजारीबाग विधानसभा संचालन समिति का संयोजक बनाया गया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के द्वारा इसकी घोषणा की गई। और एक परिचयात्मक बैठक प्रदीप प्रसाद जी के झांझरिया पुल कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें संचालक समिति के विभिन्न विभिन्न विभागों के सदस्य उपस्थित हुए। भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद जी के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी प्रभारी राज्यसभा सांसद श्रीमती दर्शना सिंह उपस्थित थी। दर्शना सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि प्रदीप प्रसाद जी को भारी मतों से जीत मिले इस पर हम लोगों को कार्य करना है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनानी है और भ्रष्टाचारी और निरंकुश हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। बैठक में संचालन समिति के सह संयोजक इंद्र नारायण कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता के पी ओझा, छत्तीसगढ़ से आए प्रवासी प्रभारी राथूलाल गुप्ता, दामोदर सिंह, जय नारायण मेहता, महेंद्र बिहारी, रेणुका साहू, साक्षी राणा,तनवीर अहमद, महेंद्र ठाकुर,मनमीत अकेला, राजकरण पांडे, रोशन कुमार,अरविंद सिकरवार,कुणाल दुबे, विवेक जोशी, हितेश रंजन, शैलेश चंद्रवंशी, पंकज मेहता,चंदन सिंह, सतीश कुमार,मोनू कुमार,दीपक मेहता,मनोज राम,महेश तिग्गा, सुमित लहरी,विस्तारक प्रदीप मेहता एवं विजय चौधरी,कैलाश यादव,प्रकाश कुशवाहा,कई मंडल के अध्यक्ष उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री सुमन कुमार के द्वारा किया गया।

## विहंगम योग संस्थान द्वारा रक्त दान शिविर 27 को सत्संग भवन हदारी में

**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाकः सत्संग भवन हदारी में विहंगम योग संस्थान द्वारा 27 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। संस्थान के उत्तरी झारखण्ड के प्रचार मंत्री नागेश्वर मेहता एवं हजारीबाग प्रधान संयोजक पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि रक्त दान मानव जीवन रक्षा का मजबूत आधार बना हुआ है। रक्त दाता के एक यूनिट से 3 लोगो की जीवन बचाई जा सकती है। रक्त मानव शरीर मे ही बनता है इसे विज्ञान के कृत्रिम उक्ति द्वारा उत्तपन्न नही किया जा सकता। आज 5 करोड़ यूनिट रक्त की जरूत प्रति दिन पड़ रहा है।जिसमे महान रक्त दाताओं के कारण लगभग 250 करोड़ रक्त यूनिट ही उबलब्ध हो पा रहा है। बहुत से लोग रक्त की कमी के कारण मृत्यु को प्राप्त हो रहे है। रक्त दान सबसे बड़ा दान की श्रेणी मे है। सभी जिज्ञासु रक्त दाताओं से विशेष अनुरोध है, कि 27 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10 बजे से सत्संग भवन हदारी में, 28 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10 बजे से बड़कागांव सूर्य मंदिर के प्रांगण में जबकि 29 अक्टूबर को बरही स्थित शकुंतला पैलेस में यह शिविर लगाया जा रहा है। कार्यक्रम अखिल भारतीय विहंगमयोग संस्थान के बैनर तले सद्गुरु ल संत श्री विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे वैश्विक स्तर मे किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगो को रक्तदान करने का आग्रह किया है।

## बरही पुलिस ने चालक सहित पिकअप वाहन में लोड पोड़ा कोयला किया जप्त




**श्रमबिंदु।** बरही पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार बिलौतिया मोड़ के पास चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से पोड़ा कोयला ले जाते चालक को रंगे हाथों पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि पिकअप वाहन संख्या जेएच 10सीयू-4952 पर अवैध रुप से बिना वैध कागजात के पोड़ा कोयला का तस्करी कर ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस बल ने वरीय अधिकारी के सूचना पर चेकिंग के दौरान बिलौतिया मोड पर पकड़ा है। इस आरोप में बरही थाना कांड संख्या-434/24 कोल माइंस एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज कर लिया गया है। कांड के प्राथमिकी अभियुक्त पिकअप वाहन के चालक विंध्याचल यादव पिता स्व. रामजन्म यादव साकिन लमारी टोला, थाना-पिरो, जिला भोजपुर (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## श्रीदस स्कूल के बच्चों ने किया कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण

**श्रम बिंदु बरही।**



**बरही।** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्रों ने गौरियाकरमा स्थित कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों ने बच्चों को न केवल विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया, बल्कि उन्हें क्रॉप फील्ड में विभिन्न फ़सलों का परिचय दिया और पूरी कृषि प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। इस मौके पर बच्चों ने कई सवाल किए और वैज्ञानिकों ने बड़े धैर्यपूर्वक बच्चों को समझाया। डॉ. साहेब पाल और डॉ. मोनू कुमार ने बच्चों को 12वीं के बाद एक सफल करियर के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसके साथ साथ कृषि विभाग में उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। वहीं डॉ. काशीनाथ तेली, डॉ. आशा कुमार और डॉ. पवित्र के. एन. ने बच्चों को फसलों और कृषि प्रक्रिया से भली-भांति परिचित कराया। स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने विश्वविद्यालय के चांसलर और सभी वैज्ञानिकों की प्रशंसा किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिक बच्चों के लिए प्रेरणादायक हैं जो इस मौके पर बच्चों का मार्गदर्शन बखूबी किया। वहीं स्कूल के उप प्राचार्य राकेश सिंह ने कहा कि ऐसी यात्राओं से बच्चों को प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त करने में सहायता मिलती है। इस दौरे से बच्चे बहुत खुश दिखाई दिए और उन्होंने सभी वैज्ञानिकों की सराहना किया। इस दौरान शिक्षकों में अमरजीत पांडे, विकास गुप्ता और अमन न्यायन भी बच्चों के साथ मौजूद रहे।

## लोयोला विद्यालय चरही में रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**चरही (हजारीबाग)।**

शनिवार को दिवाली के शुभ अवसर पर लोयोला विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के चार समूहों पीस, फेथ ,मर्सी , जॉय ने भाग लिया जिसका थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,महिला सुरक्षा ,पृथ्वी बचाओ वन जीव बचाओ, इत्यादि था।
जिसमें पीस समूह का थीम महिला सुरक्षा ने जीत हासिल की और महिला सुरक्षा को प्रदान करने और सशक्त बनाने को लेकर संदेश भी दिया या पूरा आयोजन को सफल बनाने में सी.सी.ए इंचार्ज डी के यादव और विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ साथ ही विद्यालय के प्रिंसिपल महोदय डॉ समीर प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में ऐसे आयोजन से बच्चों के प्रति जागरूकता और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है इसलिए हर एक विद्यालयों को ऐसे आयोजन बड़े लेवल से करना चाहिए। इसके साथ ही विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एम के बरनवाल ने रंगोली प्रतियोगिता में बनाई गई थीम की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को महिलाओं का सम्मान अपनी बहन बेटियों की तरह ही करना चाहिए जहां महिलाओं का सम्मान नहीं होता वहां हम खुद को सभ्य नागरिक नहीं कह सकते हैं।
जज के स्वरूप में लोयोला विद्यालय के अभिभावक जन और विद्यालय के ट्रस्टी मेंबर सम्मिलित हुए जिन्होंने बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए धन्यवाद यापन दिया और विद्यालय की सराहना की और उन्हें कहा कि विद्यालय अपने समय अनुसार किए हुए वादों को पूरा करेगी और यह भी कहा लोयोला विद्यालय को ब्रांड की तरह प्रस्तुत करना है जैसे पूरे भारत में लोयोला का नाम ऊंचा है वैसे चरही में भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना हैं ।



## सड़क दुर्घटना में सब्जी व्यापारी की मौत







**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाक NH33 नगवां टोल प्लाजा के पास बाइक और स्कूटी के बीच सीधी टक्कर में बरियठ के धनिया व्यापारी दीपक प्रसाद मेहरा( 49 वर्ष) की मौत हो गई घटना शुक्रवार शाम 4:00 बजे की है घटना के बाबत प्रत्यक्ष दर्शकों ने बताया की दीपक अपने बाइक नंबर JH03 C 4227 से हजारीबाग से बरियठ इचाक मोड़ लौट रहा था इस बीच विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी JH02 BQ 7104 से सीधी टक्कर हो गई जिसमें दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल दीपक और बाइक चालक को नेशनल हाईवे के एंबुलेंस से सदर अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति देखते हुए दीपक को आरोग्यम भेजा गया आरोग्यम में जांच के दौरान डॉक्टरों ने दीपक प्रसाद मेहता को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है दीपक के मौत की खबर मिलते हैं बरियठ गांव में शोक का लहर दौड़ गई वहीं किसानों ने भी हा हा कार मच गया दीपक धनिया समेत अन्य हरी साग सब्जियों के जाने-माने व्यापारी थे उनके दो बेटे और एक बेटी हैं सभी की शादी हो चुका है बिना पोस्टमार्टम के शव को वापस घर लाया गया दीपक की मौत की खबर सुनते हैं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है!

# जेपी पटेल किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि सभी का नेता है: जेपी पटेल

## लोकतंत्र में जनता है सर्वोपरि, कार्यकर्ता पूर्ण मनोबल के साथ करें कार्य

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**




विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग स्थित झारखंड मैरेज हॉल में शनिवार को इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। आयोजित सभा की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी एवं संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। इस बैठक में जय प्रकाश भाई पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है इसलिए हमें हार-जीत की चिंता न करते हुए अपने मनोबल को मजबूत रखना है। इस विधानसभा चुनाव में स्व० टेकलाल बाबू की पगड़ी को बचा कर रखना है क्योंकि वह किसी जाति विशेष के नेता नहीं थे बल्कि सम्पूर्ण विधानसभा के नेता थे। उसी प्रकार जेपी पटेल भी सभी को लेकर चलने वाला नेता है, इसलिए अगर जनता समर्थन करती है तो सभी समर्थकों को साथ लेकर चलने का कार्य करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि सभी उपस्थिति सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं को पंचायत वार गांव-गांव जाकर सभी को समझाना है और यह सोच रखना है कि चुनाव जेपी पटेल नहीं बल्कि आप सभी लड़ रहे हैं। समापन में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 अक्टूबर को हजारीबाग झील के समीप स्थित जिला स्कूल मैदान से पैदल यात्रा कर नामांकन हेतु प्रस्थान करेंगे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के जेबीकेएसएस कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए, जिनका माल्यार्पण कर जेपी पटेल ने पार्टी में स्वागत किया। मौके पर मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शंभू लाल यादव, कांग्रेस जिला महासचिव रामजन्म राय, दिनेश मंडल, विशेश्वर स्वर्णकार, गणपत स्वर्णकार, जगदीश बर्मन, रामचंद्र यादव, महादेव मंडल, टेकोचंद महतो, हेमलाल साव, घनश्याम पाठक, जानकी शर्मा, शंकर कसेरा, सोमर महतो, लखन लाल महतो, दिलेर आजाद, नीलकंठ महतो, त्रिलोकी महतो, चेतलाल महतो, बिरेंद्र यादव, किशोर यादव, शाकिर अली, मो० आशिक अंसारी, रिजवान अंसारी, दामोदर राम, महताब अंसारी, रणजीत सिंह, बैजनाथ प्रसाद महतो, दशरथ हंसदा, प्रयाग महतो, नागेश्वर महतो, प्रीतम कुमार मेहता, नईम अंसारी, अयोध्या प्रसाद, जगदीश मुर्मू, मकसूद आलम, गुलाम नमी, मिट्ठू महतो समेत भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थिति रहे।

## बरही विधानसभा चुनाव के लिए 19 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन प्रपत्र



**श्रम बिंदु बरही।** बरही विधानसभा चुनाव को लेकर कुल 19 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है। विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तक निर्धारित थी। बरही विधानसभा चुनाव में नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में भाजपा से मनोज कुमार यादव, कांग्रेस से अरुण साहू, सपा से उमाशंकर अकेला, जेएलकेएम से कृष्णा यादव, एनसीपी से महेश ठाकुर, अटल विचार मंच से रामाशीष सिंह, अखिल भारत हिन्दू महासभा से पुरुषोत्तम कुमार पांडेय, पीपुल्स पार्टी ऑफ डेमोक्रेटिक से शिव कुमार राम, जय प्रकाश जनता दल से दिलीप चंद्रवंशी, अर्जुन प्रसाद केशरी निर्दलीय, अविनाश कुमार चंद्रवंशी निर्दलीय, केदार पासवान निर्दलीय, केदार पासवान निर्दलीय, केदार प्रसाद यादव निर्दलीय, बद्री यादव निर्दलीय, डॉ बालेश्वर राम निर्दलीय, बिरजू पासवान निर्दलीय, सुनील कुमार साहू निर्दलीय एवं मो सेराज निर्दलीय से शमिल है। बता दें कि 28 को स्क्रुटनी और 30 अक्टूबर को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है। लंबे समय से पार्टी से जुड़े कई नेताओं ने टिकट नहीं मिलने के कारण निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन किया है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिव्यांग मतदाताओं को किया जागरूक




**बड़कागांव।** स्विप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल द्वारा प्रखंड के दिव्यांग पदाधिकारी के साथ जागरूकता अभियान चलाकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बीडीओ श्री मंडल ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए बीएलओ के माध्यम से विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी,ताकि हर दिव्यांग मतदाता अपना अपना मत का प्रयोग कर सके। उन्होंने आगे कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव आयोग के निर्देशन के आलोक में निरीक्षण कार्य जारी है। मतदान कर्मियों के लिए हर सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आज से बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र घर-घर जाकर मतदाता पहचान पत्र वितरण शुरू किया गया है। जो मतदान के दिन तक भी जारी रहेगा। इस अवसर पर बीपीओ अरुण कुमार, दिव्यांग प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर , सचिन सोनी, प्रभावती देवी, मितलाल साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज़ अपडेट

### बी जी एच में ऑटोमेटेड बायो-केमिस्ट्री एंड हिमेटोलॉजी एनालाइजर का शुभारम्भ

**बोकारो ।** बी जी एच में ऑटोमेटेड बायो-केमिस्ट्री एंड हिमेटोलॉजी एनालाइजर तथा हाई प्रेशर लिक्विड क्रोमेटोग्राफी (एच पी सी एल) जैसी अत्याधुनिक उपकरणों का शुभारम्भ निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया. इस मौके पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक(वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (एस आर यू ) पी के रथ, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद कुमार एवं डॉ अनिन्दा मण्डल, डॉ वर्षा घनेकर, डॉ श्रवण कुमार, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ गजेंद्र कुमार सिंह के साथ वरीय चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी उपस्थित थे.

ऑटोमेटेड बायो-केमिस्ट्री एंड हिमेटोलॉजी एनालाइजर तथा हाई प्रेशर लिक्विड क्रोमेटोग्राफी (एच पी सी एल) मशीन के द्वारा हीमोग्लोबिन सम्बंधित अनुवांशिक बिमारियों जैसे थैलिसिमिया, सीकल सेल एनिमिया जैसी गंभीर रोगों की पहचान एवं जानकारी आसानी से मिल सकेगी. जैसा कि सर्वविदित है बी जी एच में बोकारो के परिक्षेत्रीय के मरीज भी बड़ी संख्या में अपने इलाज के लिए आते हैं तथा इस प्रकार की अत्याधुनिक जाँच प्रणाली की सुविधा सभी के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी.

### बाइक चोरी की तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार ,एक बाइक बरामद

**चास ।** चास पुलिस को बाइक चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी में बड़ी कामयाबी मिली है , चास पुलिस ने एक ऐसे वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है, जो बाइक चुरा कर अवैध कोयला



व्यवसाय करने वाले को बेचा करता था. इसके साथ ही पुलिस ने गिरोह के मुख्य संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार करते इन आरोपियों के निशांदेही पर चोरी किये बाइक को भी बरामद किया है. उक्त बात की जानकारी चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में दी उन्होंने बताया कि पिंडराजोरा निवासी फगुनी महतो की बाइक 10 अक्टूबर को चोरी की गई थी, इस मामले मे चास थानेदार ने छापेमारी कर अमरेंद्र गोस्वामी,मनीष कुमार, पप्पू सिंह को गिरफ्तार किया, जिन आरोपियों के निशांदेही पर चोरी की गई बाइक को गांधीनगर से बरामद किया गया. एसडीपीओ ने बताया की चोरी किये गये बाइक को आरोपियों ने अवैध कोयला ब्यवसायियों को बेंच दिया था. गिरफ्तार आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है. पुलिस अन्य अपराधियों के तलाश मे छापेमारी कर रही है ।

### नये प्रशासनिक भवन में स्वच्छता ही सेवा सफाई अभियान चलाया गया

**बोकारो थर्मल श्रमबिंदु ।** बोकारो थर्मल दामोदर घाटी निगम के नये प्रशासनिक भवन परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2024 विशेष अभियान 4.0 के अंतगर्त सफाई अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान डीवीसी बीटीपीएस के उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) बीजी होलकर की देख-रेख में चलाया गया। सफाई अभियान में प्रशासनिक भवन स्थित मावन संसाधन विभाग कार्यालय के कर्मियों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रबंधक (मासं.) सुनिल कुमार, रोहित कुमार, अंजु बोपाई, तनिषा सिल्वी, तारीक सईद, उप प्रबंधक (मा.सं.) एसए अशरफ, एसके ओझा, शाहिद इकराम, मनोज सिंह, राजेश सिंह, रवि चन्द्र कुमार, भोला महतो, शशि भूषण प्रसाद, अतुन मंडल, रवि गोस्वामी, राम प्रसाद एवं सिविल विभाग से सफाई कर्मी उपस्थित रहें। उपमहाप्रबंधक (प्रशा.) श्री होलकर ने सभी कर्मियों से अनुरोध किया कि वे अपने घर की तरह ही कार्यालय परिसर में भी सफाई बनाये रखें एवं देश को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें।

### गोवर्धन पीठ से शिद्धपीठ रजरप्पा पहुंचे शंकराचार्य

- **माँ छिन्नमस्तिका देवी की आराधना कर राज्य और राष्ट्र के उज्वल भविष्य की कामना किये**

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षाजानंद देवतीर्थ जी महाराज गोवर्धन स्थित शंकराचार्य आश्रम से झारखंड,रामगढ़ स्थित सिद्धपीठ रजरप्पा पहुंचे।रजरप्पा स्थित बोरिया बाबा के आश्रम में रात्रि प्रवास के पश्चात शनिवार को स्वामी जी ने दामोदर -भैरवी नदी के संगम पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।राजराजेश्वर त्रिपुर सुन्दरी मां छिन्नमस्तका देवी की दर्शन पूजन कर राज्य के



उज्जवल भविष्य एवं राष्ट्र के सुख समृद्धि की कामना की।रजरप्पा पहुंचने पर शंकराचार्य जी का आश्रम के हरे कृष्ण ब्रह्मचारी उर्फ बोरिया बाबा सहित साधु संत,मंदिर के पुजारीयों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इस दौरान शंकराचार्य ने बोरिया बाबा के आश्रम में श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों के धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संतो के यात्रा का उद्देश्य जीव जगत की रक्षा करना है, उन शक्तियों को प्रसन्न करना है,जिन शक्तियों के अनुग्रह से संसार सुखी होता है मानव जीवन सार्थक होता है।उन्होंने झारखण्ड की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विकास तथा उसके संरक्षण पर व्यापक चर्चा की। साथ ही देशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।शनिवार को ही स्वामी जी रजरप्पा से सड़क मार्ग से रांची गए,जहां से वे दिल्ली के लिए रवाना हुए।

#### रामगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### सिमडेगा से पंजाब जा रहा डोडा भरा ट्रेलर जब्त,चालक गिरफ्तार

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले रामगढ़ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा भरा एक ट्रेलर को जब्त किया है।पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़-रांची मार्ग पर एक ट्रेलर डोडा लोड कर जा रहा



है.सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने एक टीम का गठन किया। जब पुलिस ने ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने पुलिस को देखकर ट्रेलर को तेज गति से रामगढ़ की ओर भगाना शुरू कर दिया।भागते समय ट्रेलर चुटूपालू घाटी के गण्डके मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रेलर की जांच की.जांच में पता चला कि ट्रेलर पर लोहा के ऊपर 28 प्लास्टिक की बोरियों में सुखा हुआ डोडा भरा हुआ था. चालक ने अपना नाम बालकरण सिंह बताया और कहा कि वह सिमडेगा से बोरियों में डोडा लोड कर पंजाब ले जा रहा था।

# जयराम की बेरमो में इंट्री से भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रत्याशियों की बढ़ सकती है मुश्किलें

## स्थानीय वोटरों का रुझान जयराम की तरफ ज्यादा हो सकता है

**बेरमो ।**

बोकारो जिले के बेरमो विधानसभा सीट पर भाजपा ने लगभग दो दशक बाद अपना प्रत्याशी बदल दिया है. दो टर्म विधायक रहे योगेश्वर महतो बाटुल का टिकट कट गया है और गिरिडीह से पांच बार सांसद रहे रवींद्र कुमार पांडेय बेरमो सीट से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए हैं.2019 के लोकसभा चुनाव सांसद रहते रवींद्र कुमार पांडेय का टिकट काटकर भाजपा-आजसू गठबंधन के तहत गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू के खाते में चली गई थी और आजसू की ओर से चंद्रप्रकाश चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया था. उसके बाद 2019 के विधानसभा चुनाव के समय यह चर्चा थी कि रवींद्र कुमार पांडेय को या तो राज्यसभा का सदस्य बनाया जा सकता है या बेरमो से टिकट दिया जा सकता है. हालांकि उस समय ऐसा कुछ भी नहीं हुआ. हां, यह जरूर हुआ कि 2019 विधानसभा चुनाव में रवींद्र पांडेय के पुत्र विक्रम पांडेय को टुंडी से प्रत्याशी बनाया गया था, लेकिन वह सीट निकालने में सफल नहीं हुए.उसके बाद से रवींद्र कुमार पांडेय के राजनीतिक भविष्य को लेकर तरह-तरह की चर्चा होने लगी. कई बार उनके कांग्रेस के संपर्क में होने की खबरें भी सामने आईं थी. इस बीच 2024 के लोकसभा चुनाव में भी गिरिडीह सीट भाजपा-आजसू गठबंधन के तहत आजसू के खाते में चले जाने के बाद रवींद्र कुमार पांडेय फिर से वंचित रह गए थे.उसके बाद से ही चर्चा थी कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में रवींद्र कुमार पांडेय बेरमो से भाजपा के प्रत्याशी बनाए जा सकते हैं. हालांकि बेरमो से भाजपा की टिकट के लिए दावेदारों की सूची काफी लंबी थी. कई नेता टिकट के लिए एड़ी -चोटी का जोर लगाए हुए थे, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने रवींद्र कुमार पांडेय को टिकट देकर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया.यह विधानसभा चुनाव रवींद्र कुमार पांडे का राजनीतिक भविष्य तय करेगा. अगर वह विधायक का चुनाव निकालने में विफल रहते हैं, तो उनके राजनीतिक भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है. राजनीति में बने रहने के लिए उनके लिए सीट निकालना बहुत जरूरी माना जा रहा है. हालांकि, रवींद्र कुमार पांडेय चार बार सांसद रहे हैं. इस कारण क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. रवींद्र कुमार पांडेय की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि लोकसभा चुनाव में टिकट से वंचित होने के बावजूद उन्होंने जनता से संपर्क बनाए रखा और छोटे-छोटे आमंत्रण में भी लोगों के बीच मौजूद रहे.अब देखने वाली बात होगी कि यह चुनाव उनके लिए कैसा रहता है. बेरमो सीट पर बीजेपी से रवींद्र कुमार पांडेय के मैदान में उतरने से कांग्रेस प्रत्याशी जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के लिए चुनौती बढ़ सकती है. क्योंकि दोनों के चुनावी मैदान में मौजूदगी से बाहर से आकर बसे वोटरों के बीच वोटों का बंटवारा होना तय माना जा रहा है. चर्चा है कि अगर रवींद्र कुमार पांडेय मैदान में नहीं होते तो इसका फायदा जय मंगल सिंह को मिलता, लेकिन अब तय है कि ऐसी स्थिति नहीं होगी.उधर, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो जयराम महतो ने डुमरी के साथ-साथ बेरमो विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है.चर्चा है कि जयराम की बेरमो में इंट्री से भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. बीते लोकसभा चुनाव में जयराम महतो ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र में लगभग 55000 वोट हासिल किए थे. उसके बाद से ही जेएलकेएम की नजर बेरमो सीट पर थी.

जयराम के डुमरी के बाद दूसरी सीट के लिए गोमिया और बेरमो की चर्चा चल रही थी. लेकिन अंततः बेरमो से चुनाव लड़ने की सहमति बनी है. यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि जयराम के यहां चुनावी मैदान में उतरने से स्थानीय वोटरों का रुझान उनकी तरफ हो सकता है. ऐसे में बेरमो सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है.

## रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने दीपावली के अवसर पर आयोजित किया स्नेह मिलन

**बोकारो ।**

रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में दीपावली के अवसर पर स्नेह मिलन का आयोजन किया गया।

चास रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने सभी आगंतुकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्यौहार भेदभाव मिटाकर एक जुटता, प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रहने का संदेश देता है।कार्यक्रम के संयोजक दीपक अग्रवाल एवं आनंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि हमें अपनी



सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना है। दीपक एवं आनंद ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता बढ़ती है।

पूर्व अध्यक्ष विपिन अग्रवाल कॉल सचिन मुकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मंच संचालन करते हुए कहा की दीपावली हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। त्योहार हमें एकता का संदेश देते हैं।

इस अवसर पर कई तरह के खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम अग्रवाल, प्रतिमा अग्रवाल, डिंपल कौर, मंजीत सिंह, रितु अग्रवाल, किरण कुमार, नेहा अग्रवाल, डॉ परिंदा सिंह, ललिता चोपड़ा का विशेष योगदान रहा।

### नाम-निर्देशन के पांचवे दिन कुल 19 लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

**/बोकारो ।** विधानसभा चुनाव अंतर्गत बोकारो जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र (34-गोमिया, 35- बेरमो, 36- बोकारो एवं 37- चंदनकियारी) का शनिवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम-निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया। हालांकि, पांचवे दिन केवल नामांकन प्रपत्रों की खरीदी की गई। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि पांचवे दिन कुल 19 लोगों ने नामांकन प्रपत्र दोनों अनुमंडल कार्यालय के नजारत शाखा से खरीदा है।

#### गोमिया विधानसभा क्षेत्र से नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में

- देव नारायण मुर्मूपार्टी : संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी
- प्रकाश लाल सिंह – पार्टी : निर्दलीय
- संतोष कुमार नायक – पार्टी : निर्दलीय
- छोटन राम – पार्टी : बीएसपी
- चितरंजन साव – पार्टी : निर्दलीय
- बबीता कुमारी – पार्टी : निर्दलीय
- राजेश करमाली – नाम : निर्दलीय

#### बेरमो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में

- नारायण गिरी – पार्टी : राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी
- तीर्थ नाथ आकाश – पार्टी : निर्दलीय

#### बोकारो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में

- जवाहरलाल महथा – पार्टी : कांग्रेस
- निवारण दिगार – पार्टी : ऑल इंडियन फॉरवर्ड ब्लॉक
- मोहम्मद रफीक अंसारी – पार्टी : कांग्रेस
- ईमाम सफी –पार्टी : निर्दलीय
- रुना देवी – पार्टी : निर्दलीय
- नरेश चंद्र महतो – पार्टी : झारखंड पीपुल्स पार्टी
- सुबोध कुमार ठाकुर – पार्टी : निर्दलीय
- राघवेंद्र उपाध्याय – पार्टी निर्दलीय
- राहुल कुमार – पार्टी : निर्दलीय

#### चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में

- संदीप राय – पार्टी : निर्दलीय

## कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरिजा शंकर पांडेय का निधन

**बेरमो ।**

बेरमो कोयलांचल के वरिष्ठ कांग्रेस और मजदूर नेता 94 वर्षीय गिरिजा शंकर पांडेय का निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार फुसरो के हिंदुस्तान पुल के समीप दामोदर नदी तट पर किया गया, जहां उनके पुत्र बृज बिहारी पांडेय ने मुखाग्नि दी. इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी.

मंत्री बेबी देवी ने उनके आवास पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा, गिरिजा शंकर पांडेय सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे. उनकी सोच बहुत ही उदार और जनहितकारी थी. वहीं, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा, उनके साथ काम करने का मुझे अवसर मिला. वे हमेशा संवेदनशील, मिलनसार और कर्मठ थे. उनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है और पार्टी के लिए अपूरणीय नुकसान.पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने शोक जताते हुए कहा, गिरिजा शंकर पांडेय का जीवन श्रमिकों और जरूरतमंदों की सेवा को समर्पित था. उनके निधन से एक युग का अंत हो गया है. वे मजदूरों के मसीहा थे, जिन्हें लोग प्यार से 'बाबा' कहते थे.

मजदूर नेता लखन लाल महतो और बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि पांडेय मजदूरों के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे और कभी भी उनके हितों से समझौता नहीं किया. इस कारण आज भी मजदूर वर्ग उन्हें अपना मसीहा मानता है.अंतिम यात्रा और श्रद्धांजलि सभा में कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, ट्रांसपोर्टर अरुण अग्रवाल, प्रकाश कुमार सिंह, रवींद्र मिश्रा, विल्सन फ्रांसिस, आफताब आलम खान, प्रमोद कुमार सिंह, गणेश मल्लाह, अभय कुमार सिंह, और मनोज कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए.गिरिजा शंकर पांडेय का निधन कांग्रेस और मजदूर आंदोलन के लिए एक गहरा आघात है. उनके सिद्धांत और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे.

## डीपीएस बोकारो के 'नक्षत्र' में चमके प्रतिभावान सितारे, 365 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

### उत्साह, समर्पण और धैर्य के साथ उत्कृष्टता का करते रहें प्रयास : डॉ. गंगवार

**बोकारो।**

दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो का वार्षिकोत्सव नक्षत्र शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत व नृत्य प्रस्तुतियों की सतरंगी छटा के बीच विद्यालय के प्रतिभावान सितारे खूब चमके। समारोह में सत्र 2023-24 में असाधारण शैक्षिक प्रदर्शन के लिए कक्षा 6 से 11वीं के कुल 365 प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैज व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि, लगातार तीन वर्षों तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को ब्लू बैज, ब्लू ब्लेजर व सर्टिफिकेट देकर नवाजा




गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन व अतिरिक्त प्रभार, संकार्य) एवं डीपीएस बोकारो प्रबंधन समिति के प्रो-वाइस चेयरमैन राजन प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि प्रीति शरण ने बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने कहा कि डीपीएस देश का एक ऐसा शैक्षणिक संस्थान है, जिसने अपनी उत्कृष्टता का मानक लगातार बरकरार रखा है। यहां अध्ययनरत विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे यकीनन अपना लक्ष्य प्राप्त करें, परंतु जब तक वे समाज, राष्ट्र और मानवता के उत्थान में अपना योगदान नहीं देंगे तब तक शिक्षा की सार्थकता नहीं होगी और सारे विकास बेमानी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जो विद्यार्थी सफल नहीं हो सके, वे हतोत्साहित होने की बजाय अपनी असफलता से सीख लें और लगातार कोशिशें जारी रखें। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी आगत अभिभावकों व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नक्षत्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि होनहार बच्चों को सम्मानित करने से उनकी प्रतिभा और निखरती है।

### पंचतत्व में विलीन हुए मृदभाषी,स्वभाव के धनी, समाजसेवी संतोष तिवारी

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** मृदभाषी स्वभाव के धनी गोला निवासी समाजसेवी संतोष तिवारी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक सह महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी बजरंग महतो जिला उपाध्यक्ष जनार्दन पाठक मध्य मंडल क्षेत्र के अध्यक्ष लखेश्वर महतो जिला प्रवक्ता मनोज कुमार कोटवार गुड़िया देवी शोभा देवी मरार के मुखिया शंकर मिश्रा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत करमाली समाजसेवी विष्णु महतो सुरेन्द्र करमाली।मौके पर पूर्व विधायक ने कहा स्वर्गीय तिवारी का संबंध सभी



संप्रदाय एवं लोगों से था एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर यह भाग लेते थे इनका पुराना संबंध कांग्रेस कमेटी से उनके पूर्वजों का रहा है उनके पिताजी प्रखंड के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे हैं पूरा कांग्रेस परिवार उनके निधन से मर्माहट है और भगवान से प्रार्थना करता है कि उनकी परिवार को दुख के घड़ी में सहनशक्ति मिले ताकि इतने बड़े दुख को वह सहन कर पाए और पूरा कांग्रेस परिवार उनके परिवार के साथ करने से कंधा मिलाकर चलने के लिए भी संकल्पित है

# वेदांता ई एस एल स्टील के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**/बोकारो ।**

वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीएसआर विभाग के साथ साझेदारी में ई एस एल स्टील लिमिटेड के कर्मचारी स्वयंसेवी पहल 'वी फॉर सोसाइटी' द्वारा शुकवार को वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड के सियालजोरी प्लांट परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस वर्ष मार्च में, ई एस एल स्टील लिमिटेड बोकारो जिले में सबसे अधिक रक्तदान करने वाला संगठन बन गया है। जिसे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बोकारो द्वारा भी प्रमाणित किया गया है। यह रक्तदान शिविर भी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बोकारो और ई एस एल स्टील लिमिटेड सीएसआर के स्वास्थ्य-हस्तक्षेप कार्यान्वयन भागीदार सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था।प्लांट परिसर में रक्तदान शिविर में 87 यूनिट रक्तदान की गई । इस स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में संयंत्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें श्रमिक ,संविदा श्रमिक , तकनीशियन, अधिकारी, व्यावसायिक भागीदार एवं प्रबंधन स्तर के कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने इस महान कार्य में अपना योगदान दिया।

वेदांता की सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति




प्रतिबद्धता के अनुरूप पहल वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड की सामाजिक और सामुदायिक विकास प्रयासों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ एक मजबूत कर्मचारी स्वैच्छिक पहल 'वी फॉर रक्तदान शिविर स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने और जीवन रक्षक कारणों का समर्थन करने के उद्देश्य के अनुरूप है। सिविल सर्जन

डॉ. अभय भूषण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर ''हमारे जीवन में रक्त कितना महत्वपूर्ण है'' विषय के बारे में भी बताया। उन्होंने शिविर में एक यूनिट रक्तदान भी किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. बी. के. मिश्रा मुख्य अतिथि थे और उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों को यह समझाने में मदद की रक्तदान इतना महत्वपूर्ण क्यों है और रक्तदान के बाद शरीर कैसे मजबूत होता है। ई.एस.एल. स्टील लिमिटेड के सी.एस.आर. प्रमुख कुणाल दरिपा ने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया और इस बात पर भी जोर दिया कि रक्तदान न करने की तुलना में रक्तदान करना अधिक स्वास्थ्यवर्धक है।

इस अवसर पर ई एस एल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी रवीश शर्मा ने कहा, शिविर का प्राथमिक उद्देश्य रक्त की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान देना है।

# धनबाद जिला के निर्वाचन से संबंधित गठित विभिन्न कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ प्रमंडलीय आयुक्त ने किया बैठक, दिए जरूरी दिशा निर्देश

श्रमबिंदु /धनबाद।




26 अक्टूबर को प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित धनबाद जिला के सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ परिसदन भवन के सभागार में समीक्षात्मक बैठक किया।

इस दौरान उन्होंने पोस्टल बैलेट कोषांग के तहत किये गए कार्य, पहले रेंडमाइजेशन, स्ट्रांग रूम से संबंधित जानकारी, डिस्पैच एवं रिसीविंग स्थल की जानकारी, सभी बूथों पर एएमएफ की व्यवस्था से संबंधित जानकारी, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, सी-विसिल के तहत शिकायतों के निपटारे, विभिन्न प्रकार के आईटी एप्लीकेशन में किया जा रहे कार्य, वल्नरेबल बूथ एवं क्रिटिकल बूथ से संबंधित, कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित जानकारी, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, पीडब्लूडी वॉटर को उपलब्ध कराने वाली सुविधाएं, माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति, समेत जिले में वोट प्रतिशत बढ़ने से संबंधित एवं कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली।

प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पोस्टल बैलट से संबंधित कार्य खासकर होम वोटिंग पर विशेष ध्यान दिन उसके अलावा सभी बूथों पर एएमएफ पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। वहीं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर विशेष ध्यान दें, किसी भी प्रक ार से आचार संहिता का उल्लंघन होने पर आवश्यक कार्रवाई जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। सी विसिल ऐप या 1950 नंबर पर आए शिकायतों का नियमानुसार ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें।

उन्होंने मतदाताओं के सुविधा हेतु सभी विधानसभा क्षेत्र के आरओ एवं एआरओ के फोन एवं व्हाट्सएप नंबर अखबारों में पब्लिश करवाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी पदाधिकारी को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में रणनीति के तहत योजना पर तरीके से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा समेत सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी, सभी एआरओ मौजूद थे ।

## न्यूज़ अपडेट

### जिला उद्योग केंद्र किशनगंज में बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



**किशनगंज।** जिला उद्योग केंद्र किशनगंज में बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आठवां बेंच का प्रशिक्षण पूरा होने पर उद्योग विभाग के परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार रतन जी ट्रेनर बिलाल अहमद मो आशिक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया बताते चले की एक बेंच में लगभग 35 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है किशनगंज जिले से पहले चरण में 555 लाभार्थियों का चयन हुआ है इन 555 लाभार्थी यो को बारी-बारी से प्रशिक्षण देना है बताते चलें कि बिहार सरकार के द्वारा शुरू क्या गया एक शानदार योजना जो गरीबी में जीवन यापन कर रहे जो की कोई अच्छा उधोग शुरू नहीं कर सकते उनके लिए सरकार मदद करने के लिए बिहार लघु उधमी योजना बिहार लघु उद्धमी योजना ले के आई है जिनके तहत २ लाख तक की आर्थिक सहायता सरकार के तरफ से मिलेगी ताकि अच्छी कोइ अपने मन पसंद का रोजगार शुरू कर सके जिस से उनका अच्छी जीबन यापन हो सके ये जो दो लाख सरकार के तरफ से मिलाने वाला है उसका कोई बियाज नहीं देना है और नहीं सरकार को ये पैसा बापस करना है सब कुछ मा×फ है। सरकार ने 2024- 25 में सांकेतिक रूप से 1000 हजार करोड़ रूपये का बजट का प्रावधान किया गया हैं।

### सड़क जर्जर अवस्था में, सड़क निर्माण की मांग

- देश की आज़ादी के बाद भी जनता को सड़क का कष्ट




**किशनगंज।** पूर्व मंत्री तस्लीमुद्दीन का शिलान्यास किया हुआ 15 12 2014 को सड़क अब सतग्राह ब्राह्मण टोला से शहतोला डुमरिया होते हुए जहांपुर हाई स्कूल तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क जर्जर अवस्था में है यहां के सांसद प्रदीप कुमार सिंह द्वारा केवल हिंदू मुस्लिम विवाहित भाषण और झगड़ा लड़ाई में व्यस्त रहते हैं विकास की ओर ध्यान नहीं है।देश की आज़ादी के बाद भी जनता को सड़क का कष्ट।जोकी हाट विधानसभा के अंतर्गत सतगड सतघड़ा ब्राह्मण टोला से शाह ओला डुमरिया के शाह मुजाहिद आलम शाह शाहनवाज आलम शाह सागर मोहम्मद रहबर देवीलाल शाह एवं आनंदी शाह मोहम्मद नसीम मोहम्मद कैसर मोहम्मद अरशद इत्यादि ने उक्त सड़क निर्माण का मांग किया है

### छावनी परिषद वार्ड नंबर 4 के दर्जनों युवा कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए

- सभी युवाओं के मान सम्मान का रखा जाएगा पूरा ख्याल : ममता देवी



**श्रमबिंदु/रामगढ।** :छावनी परिषद वार्ड नंबर 4 के युवा नेता संतोष नायक के अगुआई में कृष्णा पांडेय ने दर्जनों युवाओं के साथ गोला मठवाटांड़ स्थित कार्यालय में पूर्व विधायक और महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी के उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी युवाओं का पूर्व विधायक ने पार्टी में स्वागत किया और शुभकामना दी और कहा कि सभी का कांग्रेस पार्टी में हमेशा मान सम्मान किया जाएगा।कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी युवाओं ने रामगढ़ विधानसभा से महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी को प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बुके देकर बधाई दिया और भारी मतों से विजय दिलाने संकल्प लिया।शामिल होने वालों में दिलीप पांडेय, किशोर, छोटू सिंह, मुकेश मुंडा, जुगेश्वर करमाली, मुकेश नायक, दिलीप कुमार, सज्जन कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने झारखंड व पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

- निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने से संबंधित दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत सीमा पर चेकनाका पर हथियार, शराब, नगद सहित गैरकानूनी वस्तुओं पर विशेष चौकसी के निर्देश

संवाददाता।

प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग श्री पवन कुमार ने आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित झारखंड व पश्चिम बंगाल के प्रशानिक अधिकारियों के साथ शनिवार को मैथन के चेयरमैंन गेस्ट हाउस में समीक्षात्मक बैठक किया।

इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की गई। दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि झारखंड से लगने वाले सीमा धनबाद,बोकारो एव रामगढ़ के सभी सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई जाए और हर गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी गई है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत सीमा पर चेक नाका पर हथियार, शराब नगद सहित गैरकानूनी वस्तुओं पर विशेष चौकसी रखी जाए। साथ हीं उन्होंने होटल ,ढाबा पर भी विशेष नजर रखने हेतु दोनों राज्य के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अवैध कारोबार पर लगाम लगाया जा सके।

बंगाल प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है कि सीमा पर लगने वाले मिरर चेकपोस्ट को और भी सक्रिय बनाएँ ताकि हमारी जांच में अगर कुछ छूट गई है तो बंगाल में उसे ट्रेस किया जा सके एवं कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग श्री पवन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्पर रहे। मौके पर डीआईजी बोकारो रेंज सुरेंद्र कुमार झा, धनबाद उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा,बोकारो उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, धनबाद एसएसपी एच पी जनार्दनन , डीआईजी सीआरपीएफ बोककरो रेंज श्री ब्रजेश सिंह, बोकारो एसपी श्री मनोज स्वर्गीयारी, सिटी एसपी श्री अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी श्री कपील चौधरी, एसीपी कुलटी श्री एस के जावेद हुसैन, डीडीसी श्री सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला, कमांडेंट सीआरपीएफ श्री राजीव रंजन, एसडीओ रघुनाथपुर, एसडीपीओ रघुनाथपुर, समेत पश्चिम बंगाल के सभी सीमावर्ती क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

## 13 व्यक्तियों ने लिया नामांकन पत्र

विधानसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के पांचवें दिन 13 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

जिसमें 38 सिंदरी विधानसभा के लिए 1, 39 निरसा के लिए 3, 40 धनबाद विधानसभा के लिए 4, 41 झरिया विधानसभा के लिए 1, 42 टुंडी के लिए 2 तथा 43 बाघमारा विधानसभा के लिए 2 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र खरीदे। वहीं नामांकन की प्रक्रिया सोमवार, 28 अक्टूबर 2024 से शुरू होगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 है। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 20 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का समय निर्धारित है। 23 नवंबर 2024 को मतों की गिनती की जाएगी।

## 85+ वर्ष के वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40% से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं हेतु डाक मत पत्र के माध्यम से 'होम वोटिंग' की सुविधा उपलब्ध

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,धनबाद ने जिला के मतदाताओं से किया शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

85+ वर्ष के अधिक वरिष्ठ नागरिकों एवं 40% से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग नागरिकों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से 'होम वोटिंग' की अतिरिक्त सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। उपरोक्त श्रेणी के योग्य मतदाता दिनांक 27 अक्टूबर 2024 तक अपना प्रपत्र 12ऊ भरकर बीएलओ के माध्यम से संबंधित निर्वाची पदाधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं।

उक्त के आलोक में सभी बीएलओ को एक रजिस्टर, प्रपत्र 12ऊएवं प्राप्ति रसीद सभी निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा उपलब्ध की गई है। ऐसे श्रेणी के सुयोग्य मतदाताओं द्वारा प्रपत्र 12ऊभरकर निर्वाची पदाधिकारी के माध्यम से डाक मतपत्र कोषांग को प्राप्त हो रहा है।

अतः ऐसे सुयोग्य मतदाता जो पोस्टल बैलट के माध्यम से होम वोटिंग करना चाहते हैं वह अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर प्रपत्र 12ऊप्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी अपने-अपने शत प्रतिशत मत का प्रयोग करें।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण

### वाहनों की सघन जांच करने का दिया निर्देश

संवाददाता।



झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है।

इसी संदर्भ में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हदीप पी जनार्दनन ने चिरकुंडा स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया।

साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया।

वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया।

मौके पर एसडीपीओ निरसा श्री रजत माणिक बाखला, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री आलोक कुमार मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीएलएमटी एवं एएलएमटी के साथ समाहरणालय स्थित सभागार में की बैठक

संवाददाता।




**पाकुड़।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी,सुचारू व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीएलएमटी एवं एएलएमटी के साथ बैठक की।*चुनाव को टीम वर्क बताते हुए *जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनीष कुमार* ने सभी डीएलएमटी एवं एएलएमटी की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें चुनाव के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान तालमेल के साथ काम करने से सफलता मिलेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में त्रुटि रहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराना निर्वाचन से जुड़े हम सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक बिंदु पर आयोग के स्पष्ट दिशा निर्देश प्राप्त हैं स्वच्छ, निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन के लक्ष्य को आयोग के स्पष्ट दिशा निर्देशों का अनुपालन कर प्राप्त किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिले के पाकुड़, महेशपुर एवं लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। कई मतदान केंद्र महिलाओं की ओर से संचालित किया जाना है, जिसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी 1, पी 2 एवं पी 3 महिलाएं होंगी। इन मतदान कर्मियों का 29 अक्टूबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीएलएमटी एवं एएलएमटी को विषयवार महत्वपूर्ण बातों से मतदान कर्मियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने महिला मतदान कर्मियों को हैंडबुक को अच्छी तरह से पढ़ने एवं क्या करें और क्या नहीं करें को अवश्य बताने को कहा, ताकि दायित्व निष्पादन में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो।

*मौके पर उप विकास आयुक्त श्री महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पूर्ति, जिला कृषि पदाधिकारी श्री अरुण कुमार समेत सभी डीएलएमटी एवं एएलएमटी उपस्थित थे।

## जेएलकेएम जिला अध्यक्ष पर गाली गलौज व जान से मारने का आरोप




**श्रमबिंदु/रामगढ़।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो पिता कौलेश्वर राम दांगी चट्टी बाजार रामगढ़ निवासी ने गोला थाना में शुक्रवार शाम को एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ गोला प्रखंड क्षेत्र के चाड़ी कुष्टेगढ़ा का दौरा कर रहा था।इस बीच जेएलकेएम के जिलाध्यक्ष रामगढ़ के कांकेबार निवासी देवानंद कुमार महतो पिता सुरेश महतो का मेरे मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर कहने लगा कि हम डीवीसी चौक गोला आये हुए हैं, तुम जहां कहीं भी हो जल्दी मेरे पास पहुंचों। इसके अलावा भद्दी भद्दी गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि अगर तुम चुनाव लड़ोगे तो जान से मार देंगे। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की छानबीन करते हुए आरोपी पर कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस को कॉल रेकॉर्डिंग भी दिया गया है,पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## केंदुआडीह सहित तीन थाना क्षेत्र से 4.52 लाख बरामद

### शनिवार संध्या तक कुल 1.69 करोड़ से अधिक नगद राशि बरामद

संवाददाता।

विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हदीप पी जनार्दनन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना व ओ.पी. क्षेत्रों में सघन जांच अभियान जारी है। साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए नगद राशि, शराब सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए 11 इंटर स्टेट तथा 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां लगातार आने जाने वाले हर छोटे बड़े वाहनों की कड़ाई से जांच की जा रही है।

इस क्रम में शनिवार की संध्या 7:00 बजे तक केंदुआडीह, सरायढेला तथा धनबाद थाना क्षेत्र से फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने जांच के दौरान 4 लाख 52 हजार 500 रुपए नगद बरामद किए।

इसके विस्तृत जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान केंदुआडीह थाना क्षेत्र से 1 लाख 49 हजार 500, सरायढेला थाना क्षेत्र से 1 लाख 8 हजार एवं धनबाद थाना क्षेत्र से 1 लाख 95 हजार रुपए नगद बरामद किए गए।

वहीं आज बरामद की गई राशि को लेकर अब तक फ्लाइंग स्क्वॉड टीम व स्टेटिक सर्विलांस टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्र व ओ.पी. में जांच करने के दौरान कुल 1 करोड़ 69 लाख 76 हजार 154 रुपए नगद बरामद किए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 26 अक्टूबर 2024 तक सिंदरी विधानसभा से 3 लाख रुपए, निरसा से 26 लाख 64 हजार 300, धनबाद विधानसभा से 42 लाख 76 हजार 784, झरिया विधानसभा से 9 लाख 78 हजार, टुंडी से 6 लाख 76 हजार 800 तथा बाघमारा विधानसभा से 80 लाख 80 हजार 270 रुपए नगद बरामद किए गए हैं।

## डीबीएल एवं पीएसपीसीएल के द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय माइंस हॉल रोड सेफ्टी सेमिनार का आयोजन

पाकुड़।

डीबीएल एवं पीएसपीसीएल के द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय माइंस होल रोड सेफ्टी सुरक्षा सेमिनार का आयोजन डीजीएमएस सेंट्रल जोन धनबाद के डायरेक्टर सागेश कुमार एमआर के नेतृत्व में पचुवाड़ा सेंट्रल कोल माइंस में किया गया। इस दौरान डीजीएमएस के डायरेक्टर द्वारा माइंस के हॉल रोड का निरीक्षण एवं माइंस में कार्यरत वर्करो, ऑपरेटर की सुरक्षा एवं हॉल रोड की सुरक्षा को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश पीएसपीसीएल एवं डीबीएल के अधिकारियों को दिया। वहीं सेफ्टी सेमिनार का आयोजन कर सुरक्षा से संबंधित कई तरह के महत्वपूर्ण बातों की जानकारी एवं जान -माल की सुरक्षा माइंस की सुरक्षा, हॉल रोड की रखरखाव एवं सेफ्टी नियम से संबंधित जानकारी एवं पालन करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मियों को दिया। इस सेमिनार में हॉल रोड का निरीक्षण के दौरान सेफ्टी डायरेक्टर के साथ पीएसपीसीएल के माइंस एजेंट राकेश कुमार सिंह, डीबीएल की एबीपी बृजेश कुमार, माइंस मैनेजर कृष्णकांत सिंह, सेफ्टी अधिकारी अर्नाल्ड सिंगरई, डीबीएल के डीजीएम रविकांत, मैनेजर भावेश कुमार भीपीआर के जीएम श्रीनिवास रेड्डी, डीबीएल के एजीएम एके झा, डीबीएल के इलेक्ट्रिसिटी मैनेजर मो निसाद सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इस निरीक्षण के दौरान डीजीएमएस डायरेक्टर सागेश कुमार एम आर होल रॉड की सुरक्षा एवं विजली व्यवस्था को लेकर काफी सन्तुष्ट दिखे।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com